हरिभूमि
# रायपुर भूमि



भैरवनगर, टैगोर नगर के देवी लक्ष्मी हास्पिटल के सामने वाली सड़क पर पानी भरा

न्यू कालोनी दंतेश्वरी चौक में नाले के ऊपर दीवाल से पानी जाम, देवपुरी के मिडिल स्कूल प्रांगण में पानी भरा





## तेज बारिश से चंगोराभाठा चौक, संतोषीनगर प्रियदर्शिनी अंडरब्रिज के पास जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में दो दिन से हो रही झमाझम बारिश ने जहां शहरवासियों को तरबतर कर दिया, वहीं कई इलाकों में बारिश का गंदा पानी सड़क और घरों के सामने भर जाने से लोग परेशान रहे। इधर रेलवे स्टेशन परिसर के पास वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढा होने से इसमें पानी भरा रहा। आउटर के वार्ड में स्थित भैरवनगर में पंप लगाकर गंदा पानी निकालने की नौबत आई। देवपुरी के प्राइमरी व मिडिल स्कूल प्रांगण में तेज बारिश के बाद गंदा पानी भरने से ▶▶ शेष पेज 11 पर

### दयानगर, द्वारिका विहार, सड्डू बस्ती में भरा पानी

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दयानगर, द्वारिका विहार, शिवम सिटी, दलदल सिवनी बस्ती में तेज बारिश से जलभराव की समस्या रही। इसी तरह सेक्टर 8 क्षेत्र, विज्ञान भवन से दलदल सिवनी पहुंच मार्ग में पानी भरने से रहवासी परेशान रहे। बारिश का गंदा पानी निकलने में घंटों का समय लगा। इस मार्ग से आधा दर्जन से ज्यादा कालोनियों के रहवासी का आना-जाना लगा रहता है।



## स्टेशन परिसर के गड्ढे में फंस रहे गाड़ियों के पहिए, राहगीर परेशान, अधिकारी बेखबर

राजधानी के रेलवे स्टेशन परिसर की सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़क में दर्जन से अधिक छोटे व बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिसमें रोजाना गाड़ियां फंस रही हैं। इन दिनों गड्ढों में पानी भर जाने से बाइक चालक गिर भी रहे हैं। यह समस्या बीते 6 महीने से अधिक बनी हुई है, लेकिन मंडल के रेल अधिकारी इससे पूरी तरह बेखबर हैं। रेलवे के उच्च अधिकारियों ने बीते दो महीने में स्टेशन में का निरीक्षण किया है, इसके बाद भी सड़क की मरम्मत को लेकर पहल नहीं की गई। हर बार रेलवे सड़क के ऊपरी हिस्से में डामर लगाकर अस्थाई रूप से सड़क को रिपेयर कर देता है, जिसके बाद सड़क दो से तीन महीने के बाद फिर से खराब हो जाती है। बारिश में राहगीरों को बड़ी परेशानी हो रही है। स्टेशन परिसर की सड़क में गड्ढों के साथ वे ऊबड़-खाबड़ हो चुकी हैं, जिसके कारण गाड़ियां अब यहां फिसल रही हैं। थोड़ी भी लापरवाही पर हादसे का डर बना रहता है

- शिकायत के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं, दो साल से केवल खानापूर्ति




### खबर संक्षेप

**चाकू से किया जानलेवा हमला, पांच वर्ष कैद**

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व शादी समारोह में किशन क्षत्री पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल वाहिद कुरैशी की कोर्ट ने राहुल बोये उर्फ जंगली को पांच वर्ष कैद तथा एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक मनोज वर्मा के मुताबिक, राहुल बोये ने 23 फरवरी 2022 को किशन पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। राहुल, किशन की जेब से जबरन पैसे निकालने की कोशिश कर रहा था। पैसे नहीं मिलने पर राहुल ने किशन पर चाकू से जानलेवा हमला किया।

**चाची के हत्यारे को उम्रकैद की सजा**

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व खाना देने पर चिड़चिड़ाने तथा ताना मारने की बात से नाराज होकर चाची की हत्या करने के आरोपी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई। लोक अभियोजक शमीम रहमान के मुताबिक, कोर्ट ने मूलतः जांजगीर-चांपा निवासी रंजीत कुमार राठौर को सरस्वती राठौर की हत्या के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। रंजीत ने वर्ष 2022 में 21-22 अगस्त दरमियानी रात अपने चाची की गला दबाकर हत्या की थी।

**चाकूबाजी के आरोप में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार**

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में शोक कार्यक्रम में शामिल होने आए भिलाई के एक व्यक्ति तथा दो अन्य पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। भिलाई निवासी छत्रपाल ठाकुर, अमित तथा दीपेश पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में उदय डांडे तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। छत्रपाल ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह शोक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बैठा था। उसी दौरान नाबालिग अपने एक अन्य साथी के साथ विवाद कर रहा था। बीचबचाव करने पर नाबालिग तथा उसके साथी ने उन लोगों पर चाकू से हमला कर दिया।

**सूने मकान में धावा नकद-जेवर किए पार**

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 25 हजार रुपए तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिरीष त्रिवेदी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शिरीष ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके बड़े भाई के सूने मकान में धावा बोलकर तीन अलग-अलग कमरों के दरवाजे तथा आलमारी का ताला तोड़कर नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया।

सहारा इंडिया की 127 कंपनियों के अंतर्गत स्कीमों में कराया गया था निवेश, रिफंड मात्र 4 कंपनियों का

## छत्तीसगढ़ में 25 लाख परिवार प्रभावित, एक लाख कर चुके आवेदन, रिफंड 300 से कम निवेशकों को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सहारा इंडिया की 127 कंपनियों के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों में निवेशकों से पैसे जमा कराए गए थे, जबकि रिफंड मात्र 4 कंपनियों की स्कीमों के तहत ही किया जा रहा है। सहारा इंडिया की सभी कंपनियों की स्कीमों में देशभर में 13 करोड़ से ज्यादा निवेशकों ने अपने पैसे जमा कराए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ से 25 लाख से भी ज्यादा निवेशकों के 20 हजार करोड़ से अधिक पैसे फंसे हुए हैं। सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को 45 दिनों के अंदर पैसे रिफंड करने का दावा किया जा रहा है, जो अब तक फेल रहा है। देशभर से करीब सवा करोड़ निवेशकों द्वारा पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा चुके हैं। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य से भी करीब एक लाख आवेदन हैं, जिनमें से 3 सौ निवेशकों को भी पैसे वापस नहीं मिले हैं। इस तरह प्रदेश में रिफंड का आंकड़ा 0.50 प्रतिशत से भी कम है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार ने सहारा इंडिया के निवेशकों को उनके फंसे पैसे लौटाने के लिए सहारा रिफंड पोर्टल शुरू ▶▶ शेष पेज 11 पर




### सहारा ने सीआरसीएस को अपूर्ण डेटा थमाया

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन आवेदकों के दस्तावेजों में कमियां बताकर उन्हें रिजेक्ट कर दिया जा रहा है। इसके कारण निवेशकों को पैसे भी नहीं मिल पा रहे हैं। सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सहारा सोसाइटियों के प्रबंधन द्वारा सीआरसीएस को सत्यापन कर जो डेटा दिया गया है, वह अपूर्ण है। प्रबंधन द्वारा डेटा को बदल दिया गया है। यही कारण है कि पोर्टल भी पारदर्शी नहीं है। उन्होंने बताया कि पोर्टल में कई प्रकार की खामियां हैं।

### पोर्टल फेल है, निवेशकों को नहीं मिल रहा रिफंड

सहारा रिफंड पोर्टल के लांच होने से निवेशकों की उम्मीद बढ़ी थी, लेकिन पोर्टल की पारदर्शिता नहीं होने के कारण निवेशकों को दस्तावेजों के साथ आवेदन करने पर भी रिफंड नहीं मिल पा रहा है। पोर्टल पर मात्र 4 सोसाइटियों के निवेशकों को पैसा लौटाया जा रहा है, जबकि 127 सोसाइटियों के निवेशकों ने सहारा ग्रुप में पैसे निवेश किए हैं।

\- **विनय सिंह राजपूत,** प्रदेश अध्यक्ष, सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ

### 4 को छोड़कर अन्य कोआपरेटिव सोसाइटियों के निवेशकों के आवेदन रिजेक्ट

रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी, स्टार्स मल्टीपर्पस कोआपरेटिव, सहारियन यूनिवर्सल मल्टीपर्पस कोआपरेटिव एवं हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटियों के अंतर्गत स्कीमों में जमा कराने वाले निवेशकों को ही पैसे लौटाए जा रहे हैं, जबकि इसके अलावा सहारा इंडिया ग्रुप में सहारा इंडिया कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया फायनेंशियल कापोरेशन लिमिटेड प्रोडक्ट रेंज लिमिटेड, सहारा क्यू शॉप यूनिक, सहारा क्यू शॉप रेंटल, सहारा गॉल्ड मार्ट, हेल्थोरियम (क्रिप्टो क्वाईन स्कीम ऑनलाईन) के अंतर्गत भी विभिन्न स्कीमों में निवेश कराया गया है। इन सोसाइटियों की स्कीमों में निवेश करने वाले निवेशकों के आवेदन रिजेक्ट किए जा रहे हैं।

### अप्रैल 2023 के बाद मॅच्युरिटी पूर्ण करने वाले निवेशक निराश, नहीं मिल रहा रिफंड

सहारा रिफंड पोर्टल पर अप्रैल 2023 के बाद मॅच्यूरिटी पूर्ण करने वाले निवेशकों को राशि लौटाने का प्रावधान ही नहीं किया गया है। ऐसे में अप्रैल 2023 के बाद जितने भी निवेशकों के मॅच्यूरिटी पूर्ण होना है, उन्हें पैसे वापस नहीं मिल पाएंगे, क्योंकि इसके लिए सोसाइटी प्रबंधन भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

## शराब घोटाला, महादेव सट्टा एप को लेकर ईओडब्लू की कार्रवाई हो सकती है तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महादेव सट्टा एप तथा शराब घोटाला में ईओडब्लू की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में 16 याचिकाएं दाखिल की गई थीं, जिन्हें कोर्ट ने खारिज कर दिया है। याचिका खारिज होने के बाद जांच एजेंसी एक बार फिर एक्शन मोड में आ गई है। शराब घोटाला तथा महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों के खिलाफ जांच एजेंसी आने वाले दिनों में कार्रवाई तेज कर सकती है। हा लां कि गृहमंत्री विजय शर्मा ने महादेव सट्टा एप की जांच सीबीआई से कराने की घोषणा की है। महादेव सट्टा एप की सीबीआई जांच का नोटिफिकेशन जारी होने के पूर्व ईओडब्लू की जांच जारी रहेगी।

- हाईकोर्ट में लगाई गई 16 याचिकाओं के खारिज होने के बाद ईओडब्लू कार्रवाई करने की तैयारी में जुटी

गौरतलब है कि महादेव सट्टा तथा शराब घोटाला मामले में पूर्व आईएएस से लेकर कई चर्चित चेहरे जेल में बंद हैं। इन दोनों मामलों में जांच एजेंसी ने कई और चर्चित लोगों को ▶▶ शेष पेज 11 पर

### याचिका की वजह से जांच एजेंसी शांत थी

महादेव सट्टा तथा शराब घोटाला को लेकर ईओडब्लू लगातार कार्रवाई कर रही थी, लेकिन जांच एजेंसी हाईकोर्ट में दायर याचिका को ध्यान में रखकर कार्रवाई कर रही थी। याचिका खारिज होने के बाद जांच एजेंसी ने जिन लोगों को अपनी जांच की परिधि में रखा है, उन लोगों को दोबारा पूछताछ करने अपने ऑफिस तलब कर सकती है। जरूरत पड़ने पर उन संदेहियों को जांच एजेंसी गिरफ्तार भी कर सकती है।

### कारोबारी से लेकर ब्यूरोक्रेट एजेंसी के निशाने पर

सूत्रों के मुताबिक महादेव सट्टा एप तथा शराब घोटाला मामले में जांच एजेंसी के दायरे में कई पूर्व के साथ वर्तमान ब्यूरोक्रेट तथा कारोबारी वर्ग से जुड़े लोग शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसी ने महादेव सट्टा तथा शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने एक दर्जन से ज्यादा लोगों की लिस्टिंग की है। जांच एजेंसी उन लोगों को पूछताछ करने बारी-बारी तलब कर सकती है।

## दो अफसरों पर लगे थे गंभीर आरोप, एसीबी ने कोर्ट में दी क्लोजर रिपोर्ट

- पूर्व आईपीएस मुकेश गुप्ता एवं आईपीएस रजनेश सिंह के खिलाफ दर्ज था मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीजेएम कोर्ट में सेवानिवृत्त आईपीएस मुकेश गुप्ता और आईपीएस रजनेश सिंह के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में एसीबी ने यह कहते हुए क्लोजर रिपोर्ट पेश की है कि जो आरोप लगाए ▶▶ शेष पेज 11 पर

### ये थे आरोप

मुकेश गुप्ता और रजनेश सिंह पर पूर्व की कांग्रेस सरकार ने मामला दर्ज किया था। दोनों अफसरों पर आरोप लगा था कि तत्कालीन इंटेलिजेंस चीफ तथा एसीबी, ईओडब्ल्यू चीफ मुकेश गुप्ता और एसीबी के एसपी एवं एटीएस के नोडल अधिकारी रजनेश सिंह ने विधि-विरुद्ध तरीके से कॉल इंटरसेप्शन किया और आलोक अग्रवाल प्रकरण ▶▶ शेष पेज 11 पर

## रायपुर-दुर्ग चलेगी लाइट मेट्रो रूस के साथ निगम का एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा देने लाइट मेट्रो चलाई जायेगी। यह मेट्रो रशियन टेक्नोलॉजी से रायपुर से दुर्ग-भिलाई के बीच दौड़ लगायेगी। इसके लिए मॉस्को में आयोजित इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट मीट में रायपुर नगर निगम और रूस के बीच एमओयू हुआ है। महापौर एजाज ढेबर ने मास्को परिवहन मंत्री के साथ एमओयू किया। विदित हो, 100 शहरों के बीच छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर का भी चयन हुआ है।

रायपुर सहित छत्तीसगढ़ को जल्द ही सुगम परिवहन की सुविधा मिलने लगेगी। ▶▶ शेष पेज 11 पर

**100 शहरों के बीच छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर का भी चयन**



### जल्द आएगी टीम

श्री ढेबर ने बताया कि 15 देशों के साथ हुए लाइट मेट्रो ट्रेन ज्वाइंट वेंचर एमओयू में हमारे देश से रायपुर शहर एक है। इस अनुबंध से पूरे देश और खासकर रायपुर शहर को यह जानकारी देते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अब रायपुर से भी मेट्रो ट्रेन की सुविधा मिलने वाली है। जल्द ही इनकी टीम रायपुर पहुंचकर सर्वे करेगी।

राजधानी में 11 उपभोक्ता काउंटर, ट्रेड स्टाफ नहीं होने से नई सुविधा लेने लाइन

## बीएसएनएल केंद्रों में 4-जी सिम लेने लग रही लाइन, 4 लाख सिम बदलने सिर्फ 35 काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर डिवीजन में बीएसएनएल के 4 लाख से ज्यादा उपभोक्ता हैं। इनको 4-जी सेवा लेने के लिए नई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। भारत संचार निगम लिमिटेड ने 2-जी व 3-जी उपभोक्ताओं का सिम बदलने के लिए डिवीजन में सिर्फ 35 उपभोक्ता केन्द्रों पर डेढ़ महीने पहले काउंटर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### यहां उपभोक्ता काउंटर

बीएसएनएल सूत्रों ने बताया कि रायपुर डिवीजन में दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, महासमुंद, बालोद, कवर्धा जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। वहीं डिवीजन सिमा में टेलीकॉम ने सिर्फ 35 उपभोक्ता काउंटर शुरू किया है। इनमें 11 केन्द्र रायपुर में ही संचालित है। जयस्तंभ चौक में चार, फाफाडीह में 4, लालगंगा के पास स्थित एक्सचेंज आफिस में तीन काउंटर शुरू किया है। शहर के बीच में ही सभी काउंटर होने से आउटर इलाके के उपभोक्ता को भी इन्हीं केन्द्रों में आना पड़ रहा है। जहां पोर्ट कराने, नया सिम लेने वालों के साथ रीचार्ज के लिए लाइन लग रही है।




### लोगों को दी जाती है जानकारी

नया सिम देने के लिए अभी नया काउंटर नहीं बढ़ा रहे हैं। भीड़ कम करने के लिए 6 सौ रीचार्ज काउंटर चलाने वाले सहयोगियों को नया सिम देने की जिम्मेदारी दी गई है। एक ही काउंटर पर भीड़ बढ़ने पर दूसरे खाली काउंटर की जानकारी उपभोक्ताओं को देने कहा गया है।

\- **टीके मरकाम,** जीएम बीएसएनएल, रायपुर




बीते 5 वर्षों का स्वर्णिम कार्यकाल, हर वर्ग हुआ खुशहाल
राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई छत्तीसगढ़ को नई पहचान
भूपेश भैया आप जियो हजारों साल
न्याय, सरोकार व इच्छाशक्ति से बना छत्तीसगढ़ मॉडल
भूपेश बघेल जी के द्वारा 5 साल में किए गए महत्वपूर्ण कार्य
• लगभग 18 लाख किसानों का 10000 करोड़ का कृषि ऋण माफ किया गया
• किसानों का लगभग 350 करोड़ सिंचाई कर माफ किया गया
• 2500 रुपए से अधिक कीमत पर प्रति क्विंटल धान खरीदने वाला पहला राज्य
• किसानों का धान प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदा गया
• राम वन गमन पर्यटन परिपथ का विकास
• शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना
• राजीव गांधी किसान न्याय योजना
• गोधन न्याय योजना
• राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना
• 65 प्रकार की लघु वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी
• मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना
• मुख्यमंत्री सुपोषण योजना
• डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना
• छत्तीसगढ़ में 3 नए मेडिकल कालेज की स्थापना
• छत्तीसगढ़ के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना के तहत लगभग 42 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को अभी तक लगभग 3500 करोड़ की छूट दी गई है
• मुख्यमंत्री मितान योजना, हरेली, तीजा, मां कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस, छठ पूजा की अवकाश
• मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना, पढ़ई तुहर दुआर योजना
मा. श्री भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़िया संस्कृति के ध्वज वाहक
मान. भूपेश बघेल जी ला जन्मदिन के गाड़ा-गाड़ा बधाई
गिरीश देवांगन
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
(पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा)
उपाध्यक्ष - प्रदेश कांग्रेस कमेटी
अभिषेक बोरकर
प्रदेश अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस
अनुराग श्रीवास्तव
प्रदेश उपाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस
सुशील सन्नी अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, BOCW
(पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा)

## खबर संक्षेप



### गुरु बालकदास जयंती और सम्मान समारोह 26 को

**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदास के द्वितीय सुपुत्र एवं उनके उत्तराधिकारी रहे शूरवीर महान प्रतापी राजा गुरु बालकदास की 223वीं जयंती 26 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दिन पवित्र जैतखाम में विशेष पूजा-अर्चना के साथ गुरु बालकदास पर बनी फिल्म में भाग लिए सभी कलाकारों का सम्मान व संगोष्ठी आयोजित होगी। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ साहित्यकार व फिल्म निर्माता डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि यह पूरा आयोजन गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा सतनामी फिल्म प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में न्यू राजेंद्र नगर स्थित मिनीमाता स्मृति भवन में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। गुरु बालकदासजी पर बनी फिल्म में भूमिका निभाने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खण्डे करेंगे। विशिष्ट अतिथि फिल्म निर्माता मोहन सुंदरानी, संतोष जैन, सतीश जैन तथा मनोज वर्मा उपस्थित रहेंगे।

### लुकमान अली शाह बगदादी का उर्स आज

**रायपुर।** हजरत सैय्यद बाबा लुकमान अली शाह बगदादी पीडब्ल्यूडी चौक कटोरातालाब का उर्स 23 अगस्त को मनाया जाएगा। खादिमे-आस्ताना जनाब शेख अकरम चिश्ती ने बताया कि 23 अगस्त शाम 6 बजे दरगाह शरीफ से संदल-चादर शरीफ निकाली जाएगी। नमाज मगरिब चादरपोशी की रश्म अदा की जाएगी। दुआ-खैर के बाद तबर्रक तक्सीम किया जाएगा। शाम 7 बजे राष्ट्रीय कौमी एकता व सूफी सिंगर न्याल बंधु एवं पार्टी की शमा महफिल होगी। 24 अगस्त को सुबह 9 बजे कुल शरीफ की फातेहा होगी।

### मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कराने की मांग, कृषि मंत्री को ज्ञापन



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय में स्थित मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार कराने की मांग को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम को ज्ञापन सेवामुक्त प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मुलाकात कर दिया है। इस मौके पर डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि जोरा, लभांडी गांव में निवासरत के अलावा कृषक नगर, साईंनगर, प्रोफेसर कॉलोनी में निवास कर रहे दिवंगत परिजनों की अंतिम संस्कार के लिए निकटतम मुक्तिधाम यही कृषि महाविद्यालय रायपुर के पास पड़ता है। इस मुक्तिधाम की वर्तमान दशा दिनों-दिन दयनीय होती जा रही है। अंतिम संस्कार के बाद आत्मा की शांति के लिए सामूहिक श्रद्धांजलि समर्पित करने के लिए वहां पर्याप्त स्थान का अभाव है और विपरीत मौसम में बचने के लिए बेहतर छायादार शेड का निर्माण भी नहीं कराया गया है। भीषण गर्मी में शुद्ध शीतल जल पब्लिक को पीने के लिए वहां वाटर कूलर भी लगाया जाना चाहिए। इस दौरान संतोष शर्मा, सुरेश सोनी, छगनलाल साहू और श्यामसुंदर राय आदि शामिल रहे।

### पवार क्षत्रिय संगठन की कार्यकारिणी का गठन 25 को

**रायपुर।** चंगोराभाठा स्थित पवार सभा भवन में 25 अगस्त को पवार क्षत्रिय संगठन की आगामी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। संगठन के उपाध्यक्ष प्रमोद पटले और महासचिव डॉ. नेपाल सिंह तुरकर ने बताया कि गत दिनों वर्तमान कार्यकारिणी की बैठक में आम सहमति से निर्णय के अनुसार नई कार्यकारिणी का गठन संरक्षकों को मार्गदर्शन में किया जाना तय हुआ है। उनके द्वारा इस प्रक्रिया में समाज के वरिष्ठजन एवं वर्तमान कार्यकारिणी का सहयोग लिया जा सकता है।

# वंदेभारत में आधा लीटर की बोतल से अब रोज 20 लीटर पानी की बचत, 10 प्रतिशत यात्री मांग रहे दोबारा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों को ट्रेन में एक लीटर की बोतल की जगह अब आधा लीटर पानी दिया जा रहा है। बीते दिनों रेलवे बोर्ड ने आईआरसीटीसी को पानी की बचत का हवाला देकर यात्रियों को 500 मिलीलीटर की रेल नीर बोतल उपलब्ध कराने को कहा था। जोन में यह सुविधा शुरू हो चुकी है। बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को आधा लीटर पानी मिल रहा है। रेलवे बोर्ड के अनुसार ट्रेन में 70 फीसदी यात्री एक लीटर बोतल का पूरा पानी खत्म नहीं कर पा रहे थे। जब हरिभूमि ने पड़ताल की, तो पता चला बिलासपुर से नागपुर के बीच रोजाना 700 से अधिक यात्री सफर करते हैं, जिसमें पहले 350 से अधिक यात्री बोतल में आधा पानी अपनी सीट पर ही छोड़कर चले जाते थे। उस पानी को फेंका जाता था। नए नियम से अब पानी की बचत हो रही है। यात्री अब आवश्यकता अनुसार पानी पी रहे हैं।

## पानी की बर्बादी रोकने रेलवे ने बदला नियम, एक लीटर की जगह यात्रियों को दी जा रही 500 मिली. की रेल नीर बोतल

### 20 लीटर से अधिक पानी की हो रही बचत

दूसरे जोन के वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह बिलासपुर से नागपुर के बीच संचालित वंदे भारत में सबसे ज्यादा पानी की बर्बादी बिलासपुर से रायपुर के बीच देखने को मिली थी। वंदे भारत में बिलासपुर से रायपुर का सफर यात्री 1 घंटे 10 मिनट में तय कर लेते हैं और इस बीच पानी पूरा नहीं पी पाते हैं। ज्यादातर यात्री आधा पीकर ही छोड़ देते थे। आधा लीटर दिए जाने के बाद रोजाना 20 लीटर से अधिक पानी की बचत प्रतिदिन हो रही है। ट्रेन अटेंडर के मुताबिक 10 प्रतिशत लोग ही दोबारा पानी की मांग कर रहे हैं। देशभर में इस नियम से इस तरह रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद होना रुक गया है।



### लक्जरी ट्रेनों में निःशुल्क पानी में कटौती

रेलवे बोर्ड ने पानी की बर्बादी को रोकने और बोतलों से होने वाले प्लास्टिक के कचरे को कम करने का हवाला देते हुए लग्जरी ट्रेनों में दिए जाने वाले निःशुल्क पानी में कटौती की है। अब यह नियम सिर्फ वंदे भारत एक्सप्रेस में ही लागू है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के मुताबिक वंदे भारत एक्सप्रेस हाई लक्जरी ट्रेन होने के कारण सिर्फ उसी ट्रेन के यात्रियों के लिए यह प्रावधान किया गया है। अन्य लक्जरी ट्रेन राजधानी, शताब्दी ट्रेनों में दूसरी बार पानी की बोतल के लिए पैसा चुकाना पड़ेगा।

### पानी की बचत

रेलवे बोर्ड के अनुसार जोन में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों को एक लीटर की जगह पर 500 एमएल की बोतल दिया जा रहा है। नए नियम से रोजाना पानी की बचत हो रही हैं।

**- डॉ. सुरकर विपुल विलासराव,** सीपीआरओ, दपूमरे

## दोपहर डेढ़ बजे से सिद्धार्थ चौक से पुजारी पार्क मार्ग में आवाजाही पर रोक

# कांग्रेस के प्रदर्शन के कारण सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका मार्ग बुरी तरह प्रभावित






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता गुरुवार दोपहर ईडी कार्यालय का घेराव करने निकले। कांग्रेस के प्रदर्शन के कारण पुजारी पार्क से पचपेड़ी नाका जाने वाले मार्ग को वन वे कर दिया गया था। इसके कारण आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, खासकर पचपेड़ी नाका स्थित एलन में पढ़ने वाले बच्चों को आने-जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर डेढ़ बजे के करीब पुलिस ने सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका जाने वाले मार्ग को पूरी तरह से बंद कर दिया। इससे पचपेड़ीनाका जाने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही करनी पड़ी। ईडी कार्यालय का घेराव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, मेयर एजाज ढेबर, पूर्व विधायक विकास उपाध्यय सहित अन्य बड़े नेताओं के नेतृत्व में किया गया। सेबी चीफ माधवी बुच के इस्तीफे तथा ईडी जांच की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी कार्यालय का घेराव करने निकले थे। घेराव करने के पूर्व पुजारी पार्क के सामने सभा का आयोजन किया गया। दोपहर दो बजे के करीब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी कार्यालय का घेराव करने कूच किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बीत रास्ते में बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ जमकर झूमा-झटकी हुई।

- **हिडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर कांग्रेस ईडी कार्यालय का घेराव करने निकली थी**

### ई-चालान कटने का खतरा

*रांग साइड तथा तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले लोगों पर नकेल कसने सेंट्रल एक्साइज कार्यालय के पास कैमरा लगाए गए हैं। प्रदर्शन के कारण मार्ग के वन वे होने की वजह से लोग रांग साइड से आवाजाही करने मजबूर हुए। सेंट्रल एक्साइज के पास लगे कैमरा में रांग साइड में जितने भी वाहनों की आवाजाही हुई होगी, उनका ई-चालन कटने का खतरा है। गौरतलब है कि पूर्व में भी ईडी कार्यालय के घेराव के कारण जिन वाहन चालकों ने रांग साइड से आवाजाही की थी, उनका थोक में ई-चालान कट चुका है।*

### इन मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ा

दोपहर में सिद्धार्थ चौक से पचपेड़ी नाका मार्ग को बंद करने की वजह से जिन लोगों को पचपेड़ी नाका जाना था, उन लोगों को संतोषीनगर ओवरब्रिज के नीचे से होकर जाना पड़ा। इसी तरह से सिद्धार्थ चौक से टैगोर नगर, पुलिस लाइन जाने वाले लोगों को लंबा घूमना पड़ा। सिद्धार्थ चौक से आवाजाही बंद होने की वजह से संजय नगर जाने वाले मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया।

### एडिशनल एसपी को मोर्चा संभालना पड़ा

गौरतलब है कि शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर पहुंच रहे हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चाकचौबंद रहे, इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान विशेष सतर्कता बरती। प्रदर्शन में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए एएसपी सिटी लखन पटले स्वयं मोर्चा संभाल रहे थे।

# कमिश्नर की पहल, अनुकंपा नियुक्ति के लिए बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में अनुकंपा नियुक्ति के लिए 24 आवेदन संभाग कार्यालय में आए हैं। इन पदों की जल्द से जल्द भर्ती के लिए कमिश्नर महादेव कावरे ने पहल करते हुए तीन सदस्यीय एक कमेटी बनाई है। इस कमेटी में राजस्व उपायुक्त, अपर कलेक्टर आदि को शामिल किया है। यह कमेटी जिले के स्कूल, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों में खाली पदों की जानकारी लेने के साथ किन-किन विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से पद भरे जा सकते हैं। इसकी रिपोर्ट तैयार करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में निर्णय लिया जाएगा।

**18 आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश**
संभाग कमिश्नर ने धमतरी, बलौदाबाजार और महासमुंद जिले में अनुकंपा नियुक्ति के 18 आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा है।

### रायपुर संभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए 42 आवेदन

*रायपुर संभाग में शामिल सभी पांच जिलों में अनुकंपा नियुक्ति के लिए कुल 42 आवेदन आए हुए हैं। संभाग कमिश्नर ने इन आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द इनका निराकरण करने के लिए संभाग के सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं। यह निर्देश उन्होंने कुछ दिन पूर्व संभाग स्तरीय विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर दिए। इस बैठक में उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए कहा है।*

### जल्द निराकरण करने निर्देश

अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले कई साल से भटक रहे हैं। संभाग स्तरीय बैठक में पता चला कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए 42 आवेदन लंबित हैं। इन आवेदनों का जल्द निराकरण करने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया है। रायपुर जिले में अनुकंपा नियुक्ति के लिए कमेटी बनाई गई है।

**- महादेव कावरे,** कमिश्नर, रायपुर संभाग

## पेज 9 के शेष

### तेज बारिश से...

विद्यार्थी व गुरुजन परेशान रहे। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यह स्थिति निर्मित हुई। शहर में सुबह से तेज बारिश होने से कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी। सड़कों पर नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर घंटों बहता रहा। चंगोराभाठा चौक, संतोषीनगर चौक, पचपेड़ी नाका ब्रिज के पास जलभराव से लोगों को अपने गंतव्य तक आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ी। प्रियदर्शिनी नगर के पास अंडरब्रिज एरिया में बारिश का गंदा पानी भरने और गड्ढों में कीचड़ युक्त गंदा पानी जमा होने से लोग परेशान रहे। शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड के भैरवनगर में जलभराव की शिकायत मिलने पर निगम अमले ने मोटर पंप लगाकर गंदा पानी को बाहर निकाला। वहीं चौरसिया कालोनी में राधाकृष्ण मंदिर के पास संकरा जगह होने से पुराने नाले का गंदा व बदबूदार पानी जाम हो गया। वार्ड पार्षद सावित्री-जयमोहन साहू ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में जलभराव की समस्या दूर करने तरुण बाजार से कमलविहार के जाली फैक्ट्री तक गंदे पानी के निकास के लिए नाला बनाने का प्रस्ताव जोन को भेजा गया है।

**रेलवे स्टेशन परिसर के पास खस्ताहाल सड़क, पानी भराः** राजधानी के रेलवे स्टेशन परिसर से लगी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने और सड़क की मरम्मत नहीं होने से गुरुवार को जलभराव की स्थिति बनी रही। इससे स्टेशन आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं नगर निगम जोन 6 क्षेत्र के टैगोरनगर इलाके में देवी लक्ष्मी हास्पिटल के पास गंदे पानी के निकास की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जलभराव की समस्या देखने को मिली। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के न्यू कालोनी दंतेश्वरी चौक में नाला के ऊपर दीवार बनाने से पानी जाम होने से लोगों को परेशानी हुई। देवपुरी के मिडिल व प्राइमरी स्कूल प्रांगण में जलभराव से स्कूली विद्यार्थी व गुरुजनों को गंदा पानी से होकर स्कूल जाना पड़ा।

### छत्तीसगढ़ में 25 लाख...

किया है। इस पोर्टल का लांच 18 जुलाई 2023 को भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा किया गया था। इस पोर्टल के लांच के साथ दावे किए जा रहे थे कि सहारा ग्रुप के सभी निवेशकों को उनके पैसे किस्तों में वापस लौटाए जाएंगे। इसके लिए पोर्टल पर निवेशकों को ऑनलाइन स्कीम के दस्तावेजों के साथ आवेदन करने के लिए कहा गया है। इसके आधार पर निवेशकों को पहले चरण में किस्त के रूप में अधिकतम 10 हजार रुपए तक ऑनलाइन भुगतान किया जाना है।

### शराब घोटाला, महादेव...

संदेहियों की लिस्ट में शामिल किया है। जांच एजेंसियों ने जिन लोगों को संदेही लिस्ट में शामिल किया है, उनमें से ज्यादातर लोगों ने जांच एजेंसी की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया।

### रायपुर-दुर्ग चलेगी...

लाइट मेट्रो के जरिये प्रदेश की राजधानी में शहरवासियों को यह सुविधा मिलने लगेगी। मास्को में हुए इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट मीट में रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर और मास्को के परिवहन मंत्री ने इस संबंध में एमओयू किया है। इस मौके पर आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण इन तीन मुख्य बिंदुओं पर सम्मेलन में जोर दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 15 देशों के साथ विभिन्न विषयों को लेकर किया गया। इसमें भारत से छत्तीसगढ़की राजधानी रायपुर का नाम शामिल है। रशिया के मास्को शहर में चल रहे इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट समिट में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि तीन साल के अथक प्रयास के बाद अब जाकर एमओयू हुआ है। वर्ष 2021, 2022 और 2023 से अब तक मास्को में हुए इंटरनेशनल समिट में शामिल होकर रायपुर के विकास के विषय में लगातार प्रयास किया गया। इसका परिणाम आज जाकर मिला है।

### दो अफसरों पर...

गए, वह अपराध हुआ ही नहीं। दोनों आईपीएस के खिलाफ पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने अवैध इंटरसेप्शन करने का मामला दर्ज किया था। इन प्रकरणों में दोनों ही अधिकारियों के खिलाफ गंभीर धाराएं प्रभावी की गई थीं।

### ये थे आरोप...

तथा बहुचर्चित नान मामले में कथित रूप से कार्रवाई करने के लिए उसका दुरुपयोग किया। विदित हो, भूपेश सरकार ने इस प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी सदस्य अनिल बक्शी के निष्कर्ष के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। मुकेश गुप्ता और रजनेश सिंह के खिलाफ दर्ज दोनों ही मामलों में एसीबी ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करते हुए कोर्ट से कहा है कि बिना इंटरसेप्शन का आरोप ही गलत है। विदित हो कि फोन टैपिंग मामले में एसीबी ने वर्ष 2019 में केस दर्ज किया था।

### बीएसएनएल केंद्रों में...

शुरू किया है। सही जानकारी नहीं मिलने से उपभोक्ताओं की भीड़ शहर में बनाए गए 11 काउंटरों पर बढ़ी है। ट्रेड स्टाफ नहीं होने से लोगों को लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है। बीएसएनएल उपभोक्ताओं की लाइन इन दिनों सबसे ज्यादा जयस्तंभ चौक स्थित उपभोक्ता केन्द्र में देखने को मिल रही है। इसकी वजह जांचने पर पता चला कि सही प्रचार-प्रसार व लोगों को अन्य केन्द्रों की जानकारी देने के लिए किसी प्रकार की सूचना उपभोक्ता केन्द्रों में चस्पा नहीं की गई है। इसके कारण लोग 4-जी सिम लेने के लिए भीड़ का हिस्सा बन रहे हैं। पड़ताल में पता चला कि रायपुर में सिम देने के बीएसएनएल ने 11 जगह काउंटर से सेवा दे रहा है। उपभोक्ता केन्द्र में ट्रेड स्टाफ नहीं होने से लोगों को नया सिम लेने के लिए लाइन लगानी पड़ रही है। वहीं भारत संचार निगम लिमिटेड ने रायपुर डिवीजन में सिर्फ 35 जगह सिम बदलने के लिए काउंटर शुरू किया है।

**करना पड़ रहा इंतजार**
कमल विहार, बोरियाखुर्द, कचना, टाटीबंध, भनपुरी, हीरापुर, कबीर नगर, दलदल सिवनी, सड्डू की कालोनियों में रहने वाले सिम धारकों को शहर के बीच में सीमित स्थानों पर शुरू किया गए उपभोक्ता केन्द्रों में 4-जी सिम लेने के लिए आना पड़ रहा है। लोगों के पास अब पुराने सिम को 4-जी में कन्वर्ट करने के लिए फोन आ रहे हैं। इसके कारण लोग नेट स्लो, कवरेज एरिया से बाहर जैसी समस्या से राहत पाने के लिए उपभोक्ता केन्द्र पहुंच रहे, लेकिन वहां लाइन लगाना पड़ रहा है। इससे लोगों का समय दो से तीन घंटे का समय भी बर्बाद होने लगा है।

# रात के अंधेरे में जुए में लाखों रुपए दांव लगाने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- **अफसर बोले तीन साल पुराना वीडियो**
- **वीडियो में दिख रहा शख्स क्षेत्र का कुख्यात जुआरी**

मुजगहन थाना क्षेत्र के एक सूनसान खेत में जुआ खेलने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियों में एक दर्जन से ज्यादा लोग जुए में लाखों रुपए दांव लगाते दिख रहे हैं। जुआ रात के अंधेरे में टार्च की रोशनी में खेला जा रहा है। वायरल वीडियो को लेकर एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर ने तीन साल पुराना होने की बात कही। जुए की फड़ में दिख रहा एक व्यक्ति क्षेत्र में जुआ संचालित कराने वाला कुख्यात जुआरी है।

गौरतलब है कि मुजगहन थाना क्षेत्र तथा आसपास के इलाकों में आए दिन जुआ फड़ की बड़ी महफिल सजने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। जुआरियों के खिलाफ पुलिस शिकंजा कसने का दावा भी करती है। इन्हीं शिकयतों के बीच किसी ने मुजगहन थाना क्षेत्र में जुआ संचालित होने का वीडियो वायरल किया है। जिस जगह जुआ संचालित किया जा रहा है, वहां जुआरियों के लिए अलग से चाय-नाश्ता तक की व्यवस्था की गई है। वायरल वीडियो में दिख रहा शख्स आसकरण खान है, जो पूर्व में जुआ संचालित करने के आरोप में जेल जा चुका है।

### जांच के बाद फड़ में बैठने की अनुमति

जिसके ऊपर जुआ संचालित करने का आरोप है, बताया जा रहा है, वह जुआ की फड़ में बैठने वाले लोगों की बारीकी से जांच करने के बाद फड़ में बैठने की अनुमति देता है। इसके साथ ही जुआ के फड़ में शामिल लोगों के वाहन एक किलोमीटर दूर पार्क किया जाता है। जुआ फड़ में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होने की बात सामने आई है। जुआ को लेकर जो वीडियो वायरल हुआ है, उस वीडियो में एक हजार रुपए से कम के दांव नहीं लग रहे। अधिकतम 15 से 20 हजार रुपए तक जुआरी दांव लगाते दिख रहे हैं।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने एक श्रीमती ज्योति मिश्रा पति श्री रुपेश मिश्रा पता आमानाका रायपुर छ.ग. वाले से ग्राम चंगोराभाठा महिमा विहार (सुंदरनगर), प.ह.नं. 105/59, पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड क्र. 66 (वर्तमान वार्ड क्र. 42), रायपुर तह. व जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 62/9 रकबा 560 वर्गफुट जिस पर तीन मंजिला मकान निर्मित है को क्रय करने का सौदा पक्का कर उन्हें ब्याना भी अदा कर दिया है। उक्त सौदे के परिप्रेक्ष्य में एक इकरारनामा भी निष्पादित किया गया है। विक्रेता द्वारा इकरारनामा में उल्लेखित शर्तों का पालन करने तथा आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत बैनामा की रजिस्ट्री कराई जानी है।

इस खरीदी बिक्री में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बोर्ड, निगम, प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में इस सूचना प्रकाशन से 10 दिनों के भीतर मेरे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद बैनामा की लिखापढ़ी रजिस्ट्री करा ली जाएगी उस दशा में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं होगी और ऐसी आपत्ति झूठी एवं नाजायज होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। आम सूचना का खण्डन आपत्ति के रुप में मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर
दिनांक : 22/08/2024

**नरेन्द्र कुमार शर्मा, श्रेयांस शर्मा**
**(अधिवक्तागण)**
**म.नं. 47/617, राम मंदिर गली, ब्राम्हण पारा रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 93004-14823**

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मोहित पुजारी, उम्र 31 वर्ष पिता श्री मुकेश प्रकाश पुजारी निवासी 10/312, गिरधर भवन से सददानी चौक, रायपुर जगन्नाथ मंदिर सदरबाजार, रायपुर के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम लखौली, प.ह.नं. 00029 रा.नि.मं. आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 431/5, रकबा 0.0400 हे. अर्थात लगभग 4350 वर्गफुट है। उक्त भूमि/ संपत्ति को क्रय करने का पका सौदा कर मेरे पक्षकार ने उक्त विक्रेता को अग्रिम राशि बयाना अदा कर दिया है एवं मात्र विक्रय विलेख का पंजीयन निष्पादन शेष है। अतः उपरोक्त वर्णित भूमि /संपत्ति के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य उक्त संव्यवहार पर यदि किसी व्यक्ति, परिवार, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय विभाग, निगम, बोर्ड, संस्था आदि किसी को भी कोई दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के अंदर सुसंगत दस्तावेजों व लिखित आपत्ति सहित मेरे समक्ष नीचे दिए पते पर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। म्याद बाद उक्त सम्पत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तदोपरान्त की गई दावा या आपत्ति अवैध व शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी । सो सूचना जाने।

**रायपुर**
**दिनांक 22/08/24**

**भवदीय**
**भूपेंद्र जैन, अधिवक्ता**
**"झंकार", डी 211, सेक्टर-5 देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) मोबा. 98261-73123**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एवं अन्य की पूर्व से बंटवारानुसार एवं आधिपत्य की ग्राम पलौद प.ह.नं. 21, रा.नि.मं.- मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नं. क्रमशः 544, 546, 800, 801, 975, 864, 976, 1273, 1553, 1749, 1764, 1752, 2106 एवं 2145 रकबा 0.02, 0.13, 0.17, 0.04, 1.64, 0.06, 0.21, 0.17, 3.14, 0.15, 3.29, 0.28, 1.45 एवं 0.41 हेक्टेयर कुल खसरा -14, कुल रकबा - 11.14 हेक्टेयर है जिसका विभाजन मेरे पक्षकार के दादा स्व. धुराराम ने अपने जीवन काल में विभाजन कर उनके पुत्रों को देकर अपने नाम पर नर्सरी खार स्थित भूमि खसरा नं. 935/2 रकबा 5.70 एकड़ जिसका वर्तमान खसरा नंबर 800 एवं 801 है जिसे मेरे पक्षकार ने प्राप्त किये है उसके बाद भी मेरे पक्षकार के चाचा श्री लेखराम के द्वारा यह जानते हुए कि भूमि विवादित है गलत तरीके से खाता विभाजन कर वाद भूमि को लगातार विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है।

अतः इस आम सूचना के मुताबिक उल्लेखित खसरा नंबरों की भूमि व्यवहार वाद व्यवहार न्यायालय रायपुर में लंबित है विवादित है, तथा वाद भूमि पर मेरे पक्षकार का आधिपत्य है। इसके बाद भी यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या किसी अन्य के द्वारा क्रय किया जाता है तो किया गया क्रय विक्रय शून्य माना जावेगा एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं है।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 22/08/24

**भवदीय**
**सर्जन कुमार सोनी ( अधिवक्ता)**
**पता अमीन पारा, शीतला मंदिर के पास, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. : 7000716664**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मंत्री ने लिया राजधानी के अस्पतालों का जायजा

**रायपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सुबह राजधानी रायपुर के कई अस्पतालों में औचक निरीक्षण किया। श्री जायसवाल ने सबसे पहले मेडिकल कालेज हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। यहां मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने इसके बाद रायपुर पंडरी जिला हॉस्पिटल का निरीक्षण कर यहां भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर अन्य आवश्यक सुधार के लिए सीएमएचओ को आवश्यक निर्देश दिए। श्री जायसवाल ने इस दौरान मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल पुलिस लाइन टिकरापारा का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेकर व्यवस्था में सुधार के लिए कहा।

### स्मार्ट सिटी में जीएम पीआर के पद पर होगी नियुक्ति, 9 तक आवेदन

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने महाप्रबंधक जनसंपर्क के पद के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 सितंबर रखी गई है। यह संविदा आधारित नियुक्ति होगी। इसमें 90 हजार रुपए तक वेतन देय होगा। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयुसीमा सहित अन्य नियम व शर्तों से संबंधित जानकारियां रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

### जांच के लिए आप ने बनाई 6 सदस्यीय समिति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, बीजेपी सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बना दिया है।



छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में हर जगह अशांति और डर का माहौल बना हुआ है। जनता असुरक्षा और भय के माहौल में जीने को विवश है, पूरे प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा, मात्र पिछले आठ माह में गृहमंत्री के गृहजिले कबीरधाम में अन्य जिलों की तुलना में हत्या सहित अन्य अपराध सबसे अधिक हुए हैं। प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ में हमारी मां, बहन, बेटियां तक सुरक्षित नहीं हैं।

### गतका नेशनल चैंपियनशिप के लिए टीम पंजाब रवाना



**रायपुर।** 8वीं गतका नेशनल चैंपियनशिप पंजाब संगरूर में 24 से 27 अगस्त तक आयोजित होने जा रही है, जिसमें भाग लेने छत्तीसगढ़ की चयनित गतका टीम संपर्क क्रांति ट्रेन से रवाना हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश गतका संघ की अध्यक्ष सिमरन सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम का सिलेक्शन ट्रायल एंड चैंपियनशिप जो कि छत्तीसगढ़ में विगत दिनों हुआ था, उसमें चयन प्रक्रिया के दौरान 80 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो 8वीं नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे हैं। इस नेशनल गेम्स के दौरान क्वालीफाई खिलाड़ी नेशनल गेम्स और खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई करेंगी, जैसे कि पहले भी असम में नेशनल किए गए थे, उस दौरान भी छत्तीसगढ़ के 11 खिलाड़ी खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई किए थे। इस बार भी पूरी उम्मीद है कि खेलो इंडिया और नेशनल गेम के लिए चयनित हो जाएंगी। छत्तीसगढ़ से प्रमुख रूप से सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी राजवीर सिंह, कृष्णा सिंह, हंसिका कौर, गुरमेहर कौर, सिमर कौर सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

# अहाता से कमाई कम हुई तो नए बार को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू, 4 आवेदन आ चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में ठेके पर गए अहाता के लगातार बंद होने से आबकारी विभाग की राजस्व कमाई भी कम हो गई है। ऐसे में विभाग ने अब इसकी भरपाई करने के लिए नये बार को लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत अब तक 4 आवेदन भी आ चुके हैं। जिले में वैसे करीब 70 बार पहले से संचालित हैं। इन बारों से हर साल लगभग 16 करोड़ रुपए की राजस्व आय भी होती है। नये बार के खुलने से कमाई और बढ़ने की संभावना है। आबकारी की नई नीति के तहत रायपुर जिले में शराब दुकानों से लगी खाली जगहों पर अहाता खोलने की योजना लाई गई है। इसके तहत जिलेभर में 56 शराब दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए टेंडर भी निकाला गया था, जिसके बाद ऊंची बोली के अनुसार इन अहातों को ठेके पर भी दिया गया। इससे विभाग को जमकर कमाई भी हो रही थी, क्योंकि सभी अहाता तय बोली से दो से तीन गुना अधिक राशि पर गए थे। हालांकि एक महीने के बाद ही ठेकेदारों ने अहाता चलाने से पीछे हटने लगे और धीरे-धीरे 21 ठेकेदारों ने अहाता सरेंडर कर दिए। इससे विभाग को राजस्व के रूप में होने वाली कमाई भी बंद हो गई। यह कमाई बंद होते ही विभाग ने साल के चार महीने बीत जाने के बाद अचानक नये बार के लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। हालांकि आदेश पत्र में तारीख मार्च 2024 की है। इससे पता चलता है कि आदेश चार महीने पहले ही जारी हो चुका था, लेकिन नये बार का लाइसेंस देने की प्रक्रिया चालू माह में शुरू की गई है।

## अप्रैल में मिलना था लाइसेंस, अब 7 महीने का होगा



बार का लाइसेंस एक साल के लिए दिया जाता है जो 1 अप्रैल से लेकर 31 मार्च तक रहता है। विभाग ने नया बार का लाइसेंस देने की प्रक्रिया जरूर शुरू कर दी है, लेकिन आवेदन करने वालों को बार चलाने के लिए सिर्फ 7 महीने ही मिल पाएंगे। मार्च 2025 को लाइसेंस की अवधि खत्म हो जाएगी। इसके बाद बार मालिक को लाइसेंस नवीनीकरण कराना होगा।

### लाइसेंस शुल्क सालभर का लगेगा

नये बार के लिए आवेदन करने वालों को लाइसेंस जरूर 7 महीनों के लिए मिलेगा, लेकिन शुल्क पूरे सालभर का देना होगा। विभाग के नियम के अनुसार लाइसेंस शुल्क जनसंख्या के अनुसार 3 वर्ग में बांटी गई है। एक लाख से अधिक जनसंख्या न हो ऐसी जगह पर बार के लिए 18 लाख रुपए लाइसेंस फीस है। 1 लाख से 3 लाख के बीच जनसंख्या होने पर 24 लाख रुपए तथा 3 लाख अधिक जनसंख्या होने पर 31 लाख 20 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। रायपुर जिले में एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्र है। इस कारण 24 लाख रुपए लाइसेंस फीस रखी गई है।

### नये बार लाइसेंस के आ रहे आवेदन

नये बार लाइसेंस के लिए आवेदन आ रहे हैं। अब तक 4 आवेदन आ चुके हैं। लाइसेंस नियम प्रक्रिया के तहत दिए जाएंगे। लाइसेंस फीस एक साल के लिए होता है, इसलिए आवेदकों को पूरी फीस जमा करनी होगी।

**- विकास गोस्वामी**
उपायुक्त
आबकारी विभाग रायपुर

## प्रदेश में खेती किसानी की स्थिति बेहतर

# छत्तीसगढ़ के 12 बड़े बांधों में तीन आधे बाकी लबालब, 95 प्रतिशत बोनी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल सावन महीने की जोरदार बारिश के बाद भी राज्य के एक दर्जन बड़े बांधों में से तीन बांध ऐसे रह गए हैं जो भर नहीं पाए हैं। बाकी के नौ बांधों में 75 से लेकर 100 प्रतिशत तक जलभराव हो चुका है। जिन तीन बांधों में पानी की कमी रह गई है, उनमें अरपा भैंसाझार बिलासपुर, केलो रायगढ़ और कोडार महासमुंद शामिल है। खास बात ये है कि राज्य में खेती किसानी की स्थिति बेहतर है, अब तक सीजन की 95 प्रतिशत बोनी हो चुकी है।

राज्य में इस साल सावन के महीने में जोरदार बारिश हुई है। अब तक औसतन 820 मिमी से अधिक बारिश रिकार्ड हो चुकी है। सावन खत्म होने के बाद भी कई जिलों में अब तक बारिश हो रही है। इस सीजन में सरगुजा संभाग के कुछ क्षेत्रों में अन्य के मुकाबले कम बारिश हुई है। सरगुजा में सबसे कम 72 प्रतिशत के आसपास बारिश हुई है। ऐसी ही स्थिति महासमुंद जिले में भी है। इनके अलावा बेमेतरा और दुर्ग जिले में कम बारिश हुई है।



### नौ बड़े बांधो में जमकर जलभराव

*राज्य के बड़े बांधों में शामिल मिनी माता बांगो कोरबा में इस समय 82 प्रतिशत जलभराव है। इसी तरह रविशंकर सागर धमतरी में 89 प्रतिशत, तांदुला बालोद में 91 प्रतिशत, दुधावा कांकेर में 85 प्रतिशत, सिकासार गरियाबंद में 96 प्रतिशत, खारंग बिलासपुर में 100 प्रतिशत, सोंढूर धमतरी में 74 प्रतिशत, मुरुमसिल्ली धमतरी में 86 प्रतिशत, मनियारी मुंगेली में 100 प्रतिशत जल भराव है।*

### खरीफ सीजन की बोनी 95 प्रतिशत

चालू खरीफ सीजन में अब तक लक्ष्य का 95 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुकी है। जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 46.35 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 21 अगस्त 2024 की स्थिति में किसानों को लगभग 12 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का 88 प्रतिशत है। चालू खरीफ सीजन के लिए राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यमों से किसानों को 13 लाख 68 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध अब तक 15.24 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण करा लिया गया है। भण्डारण के विरूद्ध लगभग 12 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है। किसानों को सुगमता पूर्वक खाद का वितरण सोसायटी और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है।

# समाज के आध्यात्मिक व सामाजिक विकास के लिए हर वर्ग से जुड़ेगा संघ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विश्व हिन्दू सेवा संघ ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने, आध्यात्मिक, सामाजिक और आर्थिक विकास की अवधारणा से हर वर्ग को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ में भी पहल की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए जमीनी स्तर पर हर जिले में जन आंदोलन की तैयारी के लिए विश्व हिन्दू सेवा संघ प्रदेशभर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों को जोड़ने की मुहिम शुरू करेगा। संघ के राष्ट्रीय महासचिव विशाल भगत ने पत्रकारवार्ता में यह बात कही।

राजधानी में नए लोगों को जिम्मेदारी देने और विश्व हिन्दू सेवा संघ के विचारों को हर सनातनी परिवारों तक पहुंचाने के लिए हर जिले में प्रयास तेज करने की बात राष्ट्रीय महासचिव ने गुरुवार को पत्रकारवार्ता में रखी। उन्होंने कहा कि जन अभियान शुरू करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष की कमान हेमंत कुमार को दी गई है। इसके साथ ही रायपुर जिला अध्यक्ष के रुप में गोपाल प्रसाद वर्मा को नियुक्त किया गया है।

इनके साथ मिलकर हर जिले में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जोड़ने के बाद संघ के उद्देश्य से हर सनातनी परिवारों से जुड़े हर वर्ग को चाहे वह शिक्षा, चिकित्सा, व्यावसाय, महिला ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए पहल की जाएगी। संघ का उद्देश्य घर-परिवार में खत्म हो रही सनातनी व्यवस्था को वापस स्थापित करना है।

# कानून व्यवस्था और अन्य विषयों पर कांग्रेस ने शाह से पूछे 11 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उनसे 11 सवाल पूछे हैं।



उन्होंने पूछा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था क्यों बदहाल हो गयी है? अपराधी बेलगाम हो गये। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जलाये जा रहे। 8 महीने में प्रदेश में कानून का राज खत्म हो गया है।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आरक्षण विधेयक कब तक लंबित रहेगा? आदिवासी समाज को उसकी आबादी के अनुपात में उसका हक मिलने आप और भाजपा क्यों बाधा बनी हुई है? छत्तीसगढ़ के हसदेव के वन क्षेत्रों की कटाई क्यों हो रही है? भाजपा की सरकार बनने के बाद हसदेव क्षेत्र में वनों की कटाई फिर से शुरू हो गई। राज्य की सरकार ने राजस्थान सरकार को कोल ब्लॉक में उत्खनन की अनुमति दे दी। एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा? दल्लीराजहरा जगदलपुर रेल लाइन क्यों शुरू नहीं हो रही? भारतमाला परियोजना रोड को जगदलपुर से क्यों नही जोड़ा जा रहा? मोदी सरकार ने 2006 के वन अधिकार अधिनियम में संशोधन क्यों किया?

### नगरनार प्लांट क्यों बेच रहे?

उन्होंने कहा, नगरनार प्लांट क्यों बेच रहे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर के नगरनार संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कहा था इस संयंत्र का निजीकरण नहीं होगा। आपने भी यही कहा था उसके बाद भी नगरनार संयंत्र के बेचने की खबरे क्यों सामने आ रही है? क्या आप छत्तीसगढ़ से इन खबरों का खंडन करेंगे? नंदराज पहाड़ की लीज केन्द्र रद्द क्यों नहीं कर रहा? अमित शाह जी बताये अडानी का हित बड़ा है या आदिवासियों की आस्था? एनआईए की कार्यवाही पक्षपात पूर्ण क्यों? टेरर फंडिग मामले में भाजपा के पूर्व मंत्री के भाई पेखन गागड़ा और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पर 91 करोड़ उगाही का आरोप है, एनआईए की कार्यवाही में उनको किसके दबाव में छोड़ा गया है?

# स्कूल सफाई कर्मचारियों ने की कलेक्टर दर पर वेतन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्कूल सफाई कर्मचारी कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इस संबंध में स्कूल सफाई कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय बैठक 24 अगस्त को बिलासपुर के सरकंडा स्थित प्राथमिक बालक शाला में आयोजित है। इसमें स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांग और उनकी समस्याओं पर चर्चा होगी।

**खास बातें**

- प्रदेशभर में 43 हजार स्कूल सफाई कर्मचारी
- 14 साल से सेवा, 3 हजार से लेकर 3300 रुपए मासिक मानदेय

दरअसल, प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में 43 हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं, जो पिछले 14 सालों से स्कूल की साफ-सफाई कार्य कर रहे हैं। इन्हें वर्तमान में केवल 3 हजार से लेकर 3300 रुपये मासिक मानदेय का भुगतान किया जाता है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने बताया भाजपा द्वारा वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से पूर्व स्कूल सफाई कर्मचारी संघ से वादा किया था कि सरकार बनने पर स्कूल सफाई कर्मचारियों के वेतन में 50 फीसदी वृद्धि की जायेगी।, पर वेतन वृद्धि नहीं किये जाने से स्कूल सफाई कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

### प्रधानपाठक संघ, शिक्षक संगठनों ने किया समर्थन

प्रधान पाठक संघ और विभिन्न शिक्षक संगठनों ने स्कूल सफाई कर्मचारीयों के 14 वर्ष कार्य अनुभव को ध्यान में रखकर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान की मांग का समर्थन किया है। इसके साथ ही स्कूल सफाई कर्मचारियों को भृत्य की पदों पर समायोजित किये जाने मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालनालय को पत्र भी लिखा गया है।

# देवेंद्र की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस विधायक आज करेंगे राजभवन मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस के सभी विधायक राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात करेंगे। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक राजभवन मार्च कर राज्यपाल से अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। इस दौरान उनकी गिरफ्तारी को लेकर तथ्यों को भी रखेंगे। 24 अगस्त को कांग्रेस प्रदेशभर में देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन के लिए जिला स्तर पर तैयारी कर ली है। इसके लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जिसके तहत रायपुर शहर व ग्रामीण के लिए धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, शिवकुमार डहरिया व इंद्र साव हैं। सक्ति रामकुमार यादव व बालेश्वर साहू, दुर्ग शहर-ग्रामीण व भिलाई रविंद्र चौबे, अरुण वोरा को प्रभारी बनाया गया है। सरगुजा टीएस सिंहदेव, महासमुंद में द्वारिकाधीश यादव, चातुरी नंद, विनोद चंद्राकर प्रभारी हैं। जगदलपुर एवं बस्तर ग्रामीण लखेश्वर बघेल, धमतरी में ओंकार साहू व गुरुमुख सिंह होरा, राजनांदगांव में दलेश्वर साहू, बालोद में अनिला भेड़िया-संगीता सिन्हा प्रभारी हैं। कोरबा शहर व ग्रामीण के लिए जयसिंह अग्रवाल व फूल सिंह राठिया, सूरजपुर में प्रेमसिंह टेकाम, बिलासपुर शहर व ग्रामीण अटल श्रीवास्तव व रश्मि सिंह ठाकुर तथा कांकेर जिले में कुंवर सिंह निषाद व संतराम नेताम को जिम्मेदारी दी गई है।*



- राज्यपाल से मिलकर दर्ज कराएंगे शिकायत

### पायलट आज देवेंद्र से जेल में करेंगे मुलाकात

**रायपुर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे रायपुर पहुंचेंगे। यहां पहुंचने के बाद एयरपोर्ट से सीधे केंद्रीय जेल जाएंगे। वहां पर विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात करेंगे। सह प्रभारी विजय जांगिड़ और सप्तगिरी शंकर उल्का भी उनके साथ में केंद्रीय जेल जाएंगे। वहां से कांग्रेस भवन लौटकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद शाम को दिल्ली लौट जाएंगे। उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार हिंसा मामले उन्हें एक सप्ताह के न्यायिक रिमांड में केंद्रीय जेल में रखा गया है। मामले को लेकर कांग्रेस शनिवार को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन करेगी।



## मंत्रालय से जारी किए गए चार अलग-अलग आदेश

# नगरीय प्रशासन में 166 अफसर कर्मियों के तबादले, संयुक्त संचालक और अभियंता बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 166 अधिकारियों और कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा मंत्रालय से इस संबंध में चार अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं। स्थानांतरित अधिकारियों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से लेकर मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-2, कैशियर, सफाई दरोगा, वाहन चालक, पंप अटेंडेंट और सफाई कामगार शामिल हैं।

### वरिष्ठ अफसरों की तबादला सूची

एसके सुंदरानी संयुक्त संचालक नवा रायपुर अटल नगर से अंबिकापुर, वासुदेव राम संयुक्त संचालक अंबिकापुर से नवा रायपुर अटल नगर लोकेश्वर साहू संयुक्त संचालक दुर्ग से रायपुर, जयप्रकाश उपसंचालक से प्रभारी संयुक्त संचालक नवा रायपुर से दुर्ग, अरुण साहू जोन आयुक्त बिलासपुर से प्रभारी उप संचालक नवा रायपुर, रमेश जायसवाल जोन आयुक्त रायपुर से सीएमओ तखतपुर, मधुलिका सिंह सीएमओ सारंगढ से जोन आयुक्त बिलासपुर प्रतिनियुक्ति पर, अनुभव सिंह, सीएमओ मुंगेली से जोन आयुक्त बिलासपुर प्रतिनियुक्ति पर, आशीष तिवारी सीएमओ शिवरीनारायण से नगर पालिका अधिकारी मुंगेली, सचिन गुप्ता सीएमओ छुरिया से जोन आयुक्त बिलासपुर प्रतिनियुक्ति पर, लाल अजय बहादुर सीएमओ भाटापारा से छुरिया, जफर खान सीएमओ आमदी से नगर पालिका अधिकारी भाटापारा, भूपेश दीवान सीएमओ तखतपुर से आमदी, राजेश्वरी पटेल सीएमओ




माना कैंप से जोन आयुक्त रायपुर प्रतिनियुक्ति पर, श्रीनिवास पटेल जोन आयुक्त भिलाई से सीएमओ गुरुर, विवेकानंद दुबे राजस्व निरीक्षक रायपुर से प्रभारी जोन आयुक्त रायपुर, दीपक एक्का सीएमओ बलौदा से प्रेमनगर, भूपेंद्र उपाध्याय सीएमओ बेमेतरा से रतनपुर, कोमल ठाकुर सीएमओ पंडरिया से बेमेतरा, सतीश यादव सीएमओ अमलेश्वर से जोन आयुक्त भिलाई प्रतिनियुक्ति पर, नेतराम रत्नेश सीएमओ शिवपुर चरचा से परपोड़ी, गिरीश कुमार चंद्रा सीएमओ कोंटा से अंबागढ़ चौकी, मनीष वारे सीएमओ बैकुंठपुर से कसडोल, अंजना वाईक्लिफ सीएमओ नई लेदरी से बैकुंठपुर, लवकेश कुमार सीएमओ महासमुंद से बेरला, विजय कुमार पांडेय सीएमओ सारागांव से महासमुंद, पुष्पा खलको सीएमओ भटगांव सूरजपुर से सीतापुर, अनुराधा राजमणि सीएमओ बोडला से पथरिया, मनीष कुमार सीएमओ बिलाईगढ़ से दल्लीराजहरा, सुशील चौधरी सीएमओ जोन आयुक्त भिलाई से सीएमओ बिलाईगढ़, रमाकांत साहू सीएमओ दल्ली राजहरा से जोन आयुक्त रायपुर प्रतिनियुक्ति पर, विकास नारायण सिंह सीएमओ थान खम्हरिया से गीदम, रोहित साहू निगम सचिव रिसाली से सीएमओ कवर्धा, टीआर चौहान सीएमओ नवागढ़ बेमेतरा से डभरा, रेखलाल सुधाकर सीएमओ सहसपुर लोहारा से मारो, अजय राजपूत सीएमओ फरसगांव से जोन आयुक्त भिलाई प्रतिनियुक्ति पर, बंशीलाल नरूटी सीएमओ चारामा से फरसगांव।

### अभियंताओं के तबादले

*उमेश कुमार धलेंद्र मुख्य अभियंता नवा रायपुर से रायपुर, भागीरथ वर्मा मुख्य अभियंता सूडा नवा रायपुर से भिलाई प्रतिनियुक्ति पर, राजेश शर्मा अधीक्षण अभियंता रायपुर से प्रभारी मुख्य अभियंता नवा रायपुर प्रतिनियुक्ति पर, निशिकांत वर्मा कार्यपालन अभियंता रायपुर से ओएसडी नवा रायपुर का अतिरिक्त प्रभार, हिमांशु देशमुख कार्यपालन अभियंता भिलाई से संचालनालय नवा रायपुर, सुरेश कुमार बरुआ प्रभारी कार्यपालन अभियंता बिलासपुर से कोरबा, दीपक कुमार खांडे प्रभारी कार्यपालन अभियंता बीरगांव से सहायक अभियंता नवा रायपुर, निलेश पटेल सहायक अभियंता नवा रायपुर से बिलासपुर प्रतिनियुक्ति पर, गणेशराम नामदेव उप अभियंता रतनपुर से प्रभारी सहायक अभियंता बिलासपुर, विक्रम कपूर उप अभियंता बिलाईगढ़ से संचालनालय नवा रायपुर, चंद्रशेखर साहू उप अभियंता बिलासपुर से कोटा, रूचि साहू उप अभियंता सूडा नवा रायपुर से रायपुर, शैलेंद्र पटेल उप अभियंता सक्ती से रायपुर, शिरिल भास्कर उप अभियंता बिलासपुर से रतनपुर, विनायक गर्ग उप अभियंता धमधा से लोरमी, विद्यानंद मधुकर उप अभियंता पाली से मुंगेली, आशुतोष विश्वकर्मा उप अभियंता मंदिर हसौद से सूडा नवा रायपुर, विकास साहू उप अभियंता रायपुर से संचालनालय नवा रायपुर, विवेक रंजन तिर्की उप अभियंता बलौदा से मुंगेली, आशीष कुमार उप अभियंता संचालनालय नवा रायपुर से संयुक्त संचालक कार्यालय रायपुर, शुभम तिवारी उप अभियंता रायपुर से सूडा नवा रायपुर, अंकुर मिश्रा उप अभियंता रायपुर से सूडा नवा रायपुर।*

## खबर संक्षेप

### भूगोल प्रायोगिक पूरक परीक्षा 31 अगस्त को

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की सत्र 2024 की पूरक की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 31 अगस्त को भूगोल विभाग में सुबह 9 बजे से शुरू होगी। यह जानकारी दुर्गा महाविद्यालय के प्राचार्य ने देते हुए बताया कि पूरक परीक्षा के अंतर्गत भूगोल विषय के बीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

### रेड्डी बने छग तेलुगू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ तेलुगू महासंघ के नवनियुक्त अध्यक्ष आर. मुरली ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है।



इसके तहत रायपुर थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष एवं आंध्र एसोसिएशन के उपाध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी को छत्तीसगढ़ तेलुगू महासंघ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। इस नई जिम्मेदारी के लिए उपाध्यक्ष श्री रेड्डी को शुभकामनाएं देते हुए अध्यक्ष मुरली ने उन्हें आंध्र समाज के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा है।

### श्याम नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने गोपाल





**रायपुर।** श्याम नगर व्यापारी संघ का अध्यक्ष डॉ. गोपाल चावला एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी को बनाया गया। श्याम नगर व्यापारी संघ की आम बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 3 साल तक के लिए अध्यक्ष पद पर डॉ. चावला, कार्यकारी अध्यक्ष श्री मध्यानी, महासचिव रमन जैन एवं कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल को बनाया गया। कार्यसमिति का विस्तार करते हुए 11 सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

# हाथियों के मूवमेंट से चिंगरापगार पिकनिक स्पॉट में लोगों की आवाजाही पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी से सटे गरियाबंद जिला स्थित बारूका के नजदीक चिंगरापगार नामक पर्यटन स्थल है। उस पर्यटन स्थल में लोगों की आवाजाही पर पिछले दस दिनों से लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। रोक लगाने की वजह तीन नर हाथियों का मूवमेंट है। हाथी बारूका तथा चिंगरापगार के आसपास विचरण कर रहे हैं। इसके कारण यहां लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। चिंगरापगार जाने वाले मार्ग में लोगों की आवाजाही रोकने वनकर्मियों के साथ पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है।

गौरतलब है कि चिंगरापगार में बारिश के दिनों में 40 फीट से ज्यादा की ऊंचाई से झरना गिरता है।

## पिछले दस दिनों से तीन हाथियों का क्षेत्र में मूवमेंट है

### लगातार बढ़ रहा हाथियों का मूवमेंट

वन अफसरों के मुताबिक जतमई घटारानी तथा चिंगरापगार में लगातार हाथियों का मूवमेंट बढ़ रहा है। इन दोनों पर्यटक स्थलों में पिछले तीन-चार वर्षों में हाथियों का मूवमेंट बढ़ा है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक चिंगरापगार में लगातार हाथियों का मूवमेंट देखा गया है। हाथियों का मूवमेंट बढ़ने की वजह क्षेत्र में हाथियों के लिए पर्याप्त चारा के साथ पानी की उपलब्धता है।



### जतमई घटारानी के बाद ज्यादातर लोगों की पसंदीदा जगह

बारिश के दिनों में अभयारण्य, नेशनल पार्क तथा टाइगर रिजर्व में लोगों की आवाजाही पर रोक होने की वजह से ज्यादातर लोग पिकनिक मनाने जहां झरना गिरता हो, वहां जाना पसंद करते हैं। राजधानी के ज्यादातर लोग बारिश के दिनों में सौ किलोमीटर के अंतराल में स्थिति जतमई घटारानी के बाद चिंगरापगार जाना पसंद करते हैं। चिंगरापगार में आवाजाही बंद होने की वजह से लोगों को मजबूरी में किसी अन्य पर्यटन स्थल जाना पड़ रहा है।

इसके चलते यहां पिकनिक मानाने गरियाबंद, रायपुर के अलावा आसपास के लोग भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। हाथियों के मूवमेंट होने की वजह से पिकनिक मनाने जाने वाले लोगों को अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इस वजह से यहां लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

**ट्रैकर दल कर रहे निगरानी** - वन अफसर के अनुसार हाथियों के मूवमेंट पर लगातार ट्रैकर दल निगरानी कर रहे हैं। चिंगरापगार के आसपास विचरण कर रहे तीन हाथियों में से दो हाथी गरियबंद से सटे धमतरी जिला के करीब पहुंच गए हैं, जो दो हाथी धमतरी जिला के करीब पहुंच चुके हैं, वह कभी भी वापस चिंगरापगार की तरफ लौट सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर चरणबद्ध आंदोलन का आगाज

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक लामबंद, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 4077 स्कूलों को बंद करने तथा युक्तियुक्तकरण की विसंगति पूर्ण नीतियों के विरोध में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर शिक्षकों ने गुरुवार से चरणबद्ध आंदोलन का आगाज कर दिया है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने जिला कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा।

■ प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर व डीईओ को ज्ञापन सौंपा

युक्तियुक्तकरण और ऑनलाइन अवकाश की विसंगति करने प्रदेश के 4 बड़े संगठनों ने मिलकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा बनाया है। इसमें शालेय शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन, सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन और नवीन शिक्षक संघ शामिल है। गुरुवार को मुख्यमंत्री व शिक्षा सचिव के नाम रायपुर में संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया।



इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायपुर में सहायक संचालक अशोक वर्मा को युक्तियुक्तकरण के विरोध में ज्ञापन दिया।

राजधानी रायपुर में शिक्षकों के आंदोलन के प्रथम चरण में जिले के समस्त प्रांत, जिला पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष और विकासखंड के सभी पदाधिकारी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बीरेन्द्र दुबे, धर्मेश शर्मा, राजू टंडन, जिला अध्यक्ष हेमकुमार साहू, ओमप्रकाश सोनकला, भानुप्रताप डहरिया ने संयुक्त रूप से कहा कि 2008 के सेटअप के अनुसार युक्तियुक्तकरण नीति सही नहीं है। इसमें न्यूनतम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में 1-1 शिक्षक संख्या कम कर सेटअप को ही बदल दिया गया है। आखिर शिक्षा विभाग अपनी रीढ़ को कैसे बदल सकता है।

लामबंद शिक्षकों का कहना है कि पहले वर्ष 2018 में 3500 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था। अब पुनः 4 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने के निर्णय से ग्रामीण अंचलों में शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जायेगी। इससे हजारों की संख्या में शिक्षक प्रभावित होंगे।

### 23 से 28 अगस्त तक आंदोलन का दूसरा चरण

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर प्रदेशभर में शिक्षकों के चरणबद्ध आंदोलन का दूसरा चरण 23 अगस्त से शुरू होगा जो 28 अगस्त तक चलेगा। इस अवधि में मंत्री, सांसद और क्षेत्रीय विधायकों को ज्ञापन सौंपा जायेगा। तीसरे चरण में 2 व 3 सितंबर को सचिव व डीपीआई को ज्ञापन देकर युक्तियुक्तकरण का विरोध किया जायेगा। 9 सितंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विशाल धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया जायेगा। मोर्चा के प्रदेश संचालक मनीष मिश्रा, बीरेन्द्र दुबे, विकास राजपूत, संजय शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा है, प्रधानपाठक का पद समाप्त करने वाला इस युक्तियुक्तकरण नियम से सहायक शिक्षक व शिक्षक की पदोन्नति 50 फीसदी तक कम होगी। इसमें शिक्षकों की पदोन्नति के अवसर कम होंगे जो पूर्णत अनुचित है। साथ ही बीएड, डीएड, टेट उत्तीर्ण युवकों के शिक्षक बनने का अवसर प्रभावित होगा।

# प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज नहीं कर सकेंगे सरकारी अस्पताल के डॉक्टर

■ पहले से ही है नियम, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी किया रीमाइंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों के लिए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे डॉक्टर प्राइवेट अस्पताल में अपनी सेवाएं नहीं दे सकते अर्थात नौकरी नहीं कर सकते हैं। यह नियम पहले से ही राज्य में लागू है। ऐसे में इसे रीमाइंड स्वरूप जारी किया गया है। शासकीय सेवारत चिकित्सक व्यक्तिगत रूप से प्राइवेट प्रैक्टिस कर सकते हैं, लेकिन कर्तव्य अवधि अर्थात हॉस्पिटल की कामकाजी समय के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। अस्पताल में ड्यूटी का समय समाप्त होने के बाद ही लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस कर सकेंगे।

### मिलती रही हैं शिकायतें

यह नियम 2011 से ही राज्य में लागू है। कई बार चिकित्सकों की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं कि शासकीय सेवारत होने के बाद भी वे ड्यूटी के दौरन प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे थे। शासकीय अस्पतालों में सुधार के लिए ये नियम बनाए गए थे। गुरुवार को जारी किए गए आदेश में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कहा गया है कि वर्तमान में यह पाया गया है कि नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है। इसलिए संबंधित अस्पतालों के प्रमुख और जिला स्वास्थ्य अधिकारी को खत लिखकर नियमों का पालन करवाने कहा गया है।

### वयोवृद्ध पूर्व सैनिक का सम्मान घर जाकर दिया गया चेक



**रायपुर।** राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा अमलगमेटेड स्पेशल फंड के योजनाओं के सेवानिवृत्त वारंट आफिसर रमेश चंद्र बंगा के घर पहुंचकर सम्मान निधि का चेक प्रदान किया गया। सेवानिवृत्त वारंट आफिसर रमेश चंद्र बंगा निवासी टाटीबंद को उनके निज निवास पर जाकर सम्मान निधि का चेक दिया गया। श्री बंगा ने 85 वर्ष की आयु पुरी कर ली है। यह चेक कैप्टन (भा.नौ.) अनिल कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रायपुर ने प्रदान किया और राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा प्रेषित प्रशस्तिपत्र भी दिया गया। इस अवसर पर लेफ्टीनेंट एसके शुक्ला, कल्याण संयोजक रायपुर सूबेदार चेतन साहू, नायक सुरेंद्र कुमार, सिपाही रविंद्र सिंह एवं पूर्व सैनिक उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### सामान्य सभा आयोजित करने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर**। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा ने सभापति प्रमोद दुबे से मुलाकात सामान्य सभा की बैठक जल्द बुलाए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि पूर्व की सामान्य सभा फरवरी माह में बुलाई गई थी, उसके बाद आज तक कोई सामान्य सभा नहीं बुलाई गई। नेता प्रतिपक्ष ने सभापति को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि पेयजल संकट, जलभराव, शहर में गड्ढे तथा आवारा कुत्तों के खौफ से से शहर की जनता त्रस्त है। शहर में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, बहुत सारे ऐसे विषय हैं, जिस पर सामान्य सभा में चर्चा होना आवश्यक है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के पास सामान्य सभा के अलावा और कोई विकल्प नही है, जहां वे अपनी समस्या पर चर्चा कर सकें। सभापति प्रमोद दुबे ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी।

### भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण पर नोटिस

**रायपुर**। मोर जमीन मोर आवास के तहत भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण किए जाने की शिकायत पर निगम प्रशासन से संज्ञान लिया है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान आवासीय प्रयोजन के दस्तावेज प्रस्तुत कर व्यावसायिक प्रयोजन के लिए शटर बनाए जाने पर हितग्राही सतीश कुमार सिंह और संतोष कुमार सिंह को नोटिस जारी किया है। इसी तरह भवन अनुज्ञा के विपरीत अवैध निर्माण करने पर हितग्राही घनश्याम सिंह ठाकुर और रूपेश सिंह ठाकुर को पीएम आवास योजना शाखा की ओर नोटिस देकर शटर बंद किए जाने निर्देश दिए हैं।

### बीमा कर्मियों का प्रदर्शन कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर**। मध्यक्षेत्र के बीमाकर्मियों के संगठन सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एंप्लाइज एसोसिएशन की महिला समिति के आव्हान पर दो दिवसीय 22 और 23 अगस्त तक आरजे मेडिकल कालेज सहित देशभर में महिलाओं पर जारी शर्मनाक घटनाओं के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार शाम पंडरी के जीवन बीमा मार्ग पर सैकड़ों बीमा कर्मियों, अधिकारियों व अन्य जनसंगठनों से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया तथा मोमबत्ती जलाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इसी दौरान सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव कामरेड धर्मराज महापात्र, आरडी आईईयू महिला समिति की सचिव अनुसुईया ठाकुर ने दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने मांग की है। प्रदर्शन में ज्योति पाटिल, प्रदीप गभने, अजय कन्नौजे, केके साहू, सुरेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

# दिल्ली से आई टीम ने शहर में 4 दिनों तक किया सर्वे, 35 जगहों पर फील्ड विजिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

देशव्यापी केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में दिल्ली से आई केन्द्रीय टीम शहर में 4 दिन तक रहकर 35 जगहों पर गीला और सूखा कचरे से बनने वाली खाद की धरातल पर स्थिति जानने के बाद फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कर लौट गई।

6 से 10 अगस्त तक केन्द्रीय टीम ने रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे संस्थान व निजी कालोनी का भ्रमण किया जहां रोजाना 50 किलो से ज्यादा गीला और सूखा कचरा निकलता है। वहां जाकर दल ने यह जानकारी जुटाई कि गीले कचरे से खाद बन रही है या नहीं? इसकी पड़ताल कर ऑनलाइन रिपोर्ट सबमिट की। दरअसल, केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में स्वच्छता संबंधी रैंकिंग तय करने केन्द्र सरकार 4 चरण में सर्वे करा रही है। इसमें शुरुआत के दो चरण में रायपुर शहर में सफाई की धरातल पर स्थिति जानने शहरवासियों से केन्द्रीय टीम ने जुलाई में सर्वे कर फीडबैक लिया। इसमें 25 अलग-अलग बिंदुओं पर लोगों से सीधे मोबाइल पर कॉल कर या फील्ड एसेसमेंट के जरिये लोगों की राय ली गई।

पिछली बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में रायपुर शहर की सफाई को लेकर पब्लिक फीडबैक श्रेणी में केवल 80.27 फीसदी अंक ही मिल पाए। इसके कारण रायपुर शहर की स्वच्छता में रैंकिंग फिसलकर 11वें स्थान पर रही। 6 से 10 अगस्त तक दिल्ली की टीम ने 25 वार्डों का दौरा कर 35 जगहों पर गीले व सूखे कचरे से बनने की पड़ताल कर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर सीधे दिल्ली को अपनी रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी।

### 4447 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता

स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों के मुताबिक देश के 4,447 शहरों के बीच स्वच्छता के देशव्यापी सर्वेक्षण में कुल 9500 अंक रखे गये हैं। इसमें से सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक और पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक मिलेंगे। देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बना रखी है।



- 50 किलो से ज्यादा कचरा निकलने वाले प्राइवेट कालोनी, निजी संस्थानों में गये
- गीला और सूखा कचरा से खाद बनने की पड़ताल

### गारबेज फ्री सिटी सर्वे अगले माह संभावित

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए कराये जा रहे देशव्यापी सर्वेक्षण में गारबेज फ्री सिटी और ओडीएफ डबल प्लस के सिलसिले में सर्वे करने केन्द्रीय टीम अगले माह रायपुर आ सकती है। सूत्रों के मुताबिक अंतिम चरण का यह सर्वे रैंकिंग के हिसाब से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें रायपुर को मिलने वाले अंक से यहां की स्वच्छता रैंकिंग तय होगी। इसी सर्वे में ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस सिटी का भी सर्वे होना है। इसमें सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था में रायपुर शहर के अंकों में बढ़ोतरी होगी।

## सर्विस रोड से लेकर मुख्य सड़कों पर ऑटो डीलरों के साथ सर्विस सेंटरों का कब्जा

# सड़कों पर गाड़ियों की पार्किंग और सर्विसिंग का काम, ट्रैफिक जाम से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में जिस गति से आबादी बढ़ी है, उसी गति से गाड़ियों की संख्या में भी भारी इजाफा हुआ है। गाड़ियों की बढ़ती संख्या के अनुसार शहर की सड़कें जस की तस हैं। इसके कारण सर्विस रोड से लेकर मुख्य सड़कों पर सुबह 9 बजे से लेकर रात 9 बजे तक ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है।

यह समस्या ऑटो डीलर और सर्विस सेंटरों के कारण और जटिल हो गई है, क्योंकि ऑटो डीलरों के पास बिक्री के लिए आने वाली गाड़ियों को जहां सड़कों पर पार्क किया जा रहा है, वहीं सर्विसिंग सेंटरों द्वारा भी गाड़ियों की मरम्मत और धुलाई का काम सड़कों पर किया जा रहा है। इसके कारण सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या और ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि की टीम ने बुधवार को शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या के कारणों का पता लगाने के लिए जायजा किया। टीम रिंग रोड से लगी सर्विस रोड के साथ पचपेड़ी नाका से कालीबाड़ी सहित अन्य कई प्रमुख सड़कों से गुजरी। इस दौरान कई जगहों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिली। जाम लगने के कारणों में सड़कों पर ठेला-गुमटी, बेतरतीब पार्किंग, अवैध पार्किंग, दुकानों के होर्डिंग्स, बिजली खंबों पर लगे बैनर-पोस्टर के अलावा ऑटो डीलरों की दुकान एवं सर्विसिंग सेंटर भी है। इन सभी के कारण ट्रैफिक की समस्या बनी हुई है। टीम ने ऐसे ही कुछ स्थानों को चिन्हांकित किया है, जहां ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।





**केस 1**

पुजारी पार्क के सामने ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण गाड़ियां सड़कों पर पार्क की जा रही है। इसके कारण यहां हर दिन ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। कई बार तो सड़क पर सर्विसिंग किए जाने के कारण इस रोड से गाड़ियों के आवागमन में दिक्कत होती है।

**केस 2**

भाठागांव पानी टंकी से लेकर रावणभाठा अंडर ब्रिज तक सर्विस रोड के दोनों तरफ ऑटो डीलरों और सर्विसिंग सेंटर की कई दुकानें है। इन दोनों सड़कों पर भी कारों की अवैध पार्किंग एवं धुलाई का काम सड़कों पर ही होता है। इसके कारण यहां भी ट्रैफिक जाम के साथ लोगों को गंदा पानी की बौछारों का सामना करना पड़ता है।

**केस 3**

पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के बगल में सर्विस रोड पर हरिहंत काम्पलेक्स से पचपेड़ी की ओर आने वाली सड़क के किनारे कई गाड़ी सर्विसिंग सेंटर खुले हुए हैं। इन सेंटरों के कर्मचारी आए दिन सड़क पर गाड़ियां खड़ी करके गाड़ियों की धुलाई करते है। इसके कारण ट्रैफिक जाम तो होता है, साथ ही दोपहिया सहित अन्य खुली वाहन में आवागमन करने वालों पर धुलाई का गंदा पानी बारिश की बौछार की तरह बरसता है। इसके कारण यहां कई बार वाहन सवार एवं सर्विसिंग सेंटर के कर्मचारियों से वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो चुकी है।



**केस 4**

पुलिस लाइन गेट के सामने बुढ़ातालाब जाने वाले रास्ते और फातेशाह मार्केट से लेकर पेट्रोल पंप तक ऑटो डीलरों का कब्जा है। इस प्रमुख मार्ग पर भी जगह-जगह अवैध रूप से कारें पार्क की गई है।

### निगम प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की निगाह से बचे हुए

नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए सड़कों से लगे हुए अतिक्रमण, अवैध ठेला-गुमटियों को हटाने से लेकर नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाती है, लेकिन इस ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के मालिकों पर अब तक न ही निगम प्रशासन की नजर गई और न ही ट्रैफिक पुलिस की।

### करेंगे कार्रवाई

नो पार्किंग पर खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई की जाती है। ऑटो डीलर और सर्विसिंग सेंटर के कारण अगर कहीं ट्रैफिक जाम लग रहा है, तो कार्रवाई करेंगे।

- **गुरजीत सिंह**, डीएसपी, ट्रैफिक रायपुर

## विधायक की गिरफ्तारी से समाज में आक्रोश, रिहाई नहीं होने पर हर जिले में विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी का मामला रोज नया तूल पकड़ रहा है। अब यादव समाज और सर्व समाज ने इसे साजिश करार देते हुए जल्द रिहाई की मांग रखते हुए शासन-प्रशासन को आगाह किया है कि जल्द रिहाई नहीं की गई, तो विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। यह मांग समाज के लोगों ने गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में रखी। पत्रकारों के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि बिना किसी एजेंसी से जांच करवाए साजिश के तहत समाज के विधायक को फंसाया जा रहा है।

- यादव समाज ने पत्रकारवार्ता में कहा- साजिश के तहत भेजा जेल

यह आरोप समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, सचिव कमल यादव व सुन्दर लाल यादव ने शासन-प्रशासन पर लगाया है। उनका कहना है, घटना में उनको आरोपी बनाया जाना, किसी लिहाज से सही नहीं है। बलौदा बाजार मामले में विधायक मंच पर नहीं गए थे। वे इस घटना का हिस्सा इसलिए भी नहीं हैं, क्योंकि वे एनएसयूआई के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसे देखते हुए अब जिला स्तर पर समाज द्वारा बैठक करके धरना प्रदर्शन की तैयारी की जाएगी।

इसके लिए समाज को विवश किया जा रहा है। जिस मामले में गिरफ्तारी की गई, उसमें बिना किसी ठोस सबूत के विधायक को पहले नोटिस दिया गया और बाद में जेल भेजा गया। अभी तक विधायक के परिवार को पुलिस ने एफआईआर की कापी नहीं दी है। इसे देखते हुए यादव समाज, छत्तीसगढ़ द्वारा विरोध प्रदर्शन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। अब जिला स्तर पर बैठक करके आगामी दिनों में होने वाले प्रदर्शन की रणनीति बनाई जाएगी।

# नोएडा की आईटी इंजीनियर से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन जालसाजी करने वाले जालसाजों ने ऑफिसियल टूर पर नोएडा से रायपुर आई एक महिला इंजीनियर के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88 लाख रुपए की ठगी की है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। इंजीनियर की शिकायत पर रेंज साइबर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जालसाजों ने इंजीनियर को दो माह के भीतर ठगी का शिकार बनाया है।

- ऑफिसियल टूर में महिला इंजीनियर रायपुर आई थी तब जालसाजों ने ठगी का शिकार बनाया

पुलिस के मुताबिक रश्मि सिंह मई-जून में रायपुर आई थी। इंजीनियर तेलीबांधा स्थित होटल क्लार्क इन में रुकी हुई थी। महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। रश्मि ने पुलिस को बताया है कि वह गूगल सर्च करते समय एक एवेडेंस स्पार्क ट्रेडिंग प्रोग्राम का एड देखा। इसके बाद महिला इंजीनियर ने एड में दिए ऑप्शन पर क्लिक किया, तो उसमें अंजली शर्मा नाम की असिस्टेंट ने रश्मि को एक वाट्सएप ग्रुप में एड किया। व्हाट्सगुप का मेंटर नरेश राठी था। वाट्सएप ग्रुप में एड करने के बाद जालसाजों ने रश्मि को ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग की अलग-अलग स्कीम में लाभ होने का झांसा देकर अपने अकाउंट में रुपए जमा कराकर ठगी का शिकार बनाया।



### दो दर्जन से ज्यादा अकाउंट में रुपए ट्रांसफर

रश्मि ने जालसाजों के अकाउंट में जो रुपए ट्रांसफर किया है, उन बैंक अकाउंट की रश्मि ने पुलिस को जो सूची दी है, उसके मुताबिक जालसाजों ने महिला इंजीनियर से अपने दो दर्जन से ज्यादा अकाउंट में रुपए ट्रांसफर करा कर ठगी का शिकार बनाया है। जालसाजों ने पूर्व की तरह महिला इंजीनियर को लाभ मिलने का वाट्सएप में फर्जी चेक की कॉपी भेजकर बरगलाते रहे। बाद में लाभ के रुपए मांगे जाने पर जालसाजों ने अलग-अलग टैक्स का झांसा देकर महिला इंजीनियर से रुपए ऐंठते रहे।

# कुलसचिव को हटाने धरने पर बैठी एबीवीपी

**फर्जी पीएचडी और एमफिल डिग्री के जरिए नियुक्ति का आरोप**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एबीवीपी गुरुवार से रविवि में अनिश्चिकालीन धरने पर बैठ गई है। छात्र परिषद यह आंदोलन रविवि के कुलसचिव शैलेंद्र पटेल को उनके पद से हटाने के लिए किया जा रहा है।

छात्रों का आरोप है कि कुलसचिव की पीएचडी और एमफिल डिग्रियां संदिग्ध पाई गई हैं। सीवी रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर से गणित विषय में 5 फरवरी 2013 से 5 फरवरी 2015 के बीच पीएचडी करने का दावा करने वाले कुलसचवि ने इस दौरान रायपुर के भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत रहने का भी दावा किया है, जो कि भौतिक रूप से असंभव है। साथ ही उन्होंने विनायक मिशन यूनिवर्सिटी, सालेम से 2007-08 में एमफिल की डिग्री ली, जो कि जांच समिति द्वारा अवैध पाई गई है। ये चौथी बार है जब जांच समिति की रिपोर्ट को नजरअंदाज कर फिर से जांच के आदेश दिए गए हैं।

इससे स्पष्ट है कि शासन निर्णय लेने में पूरी तरह से विफल रहा है। एबीवीपी के महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने ने कहा कि अगर कुलसचिव को तुरंत पद से नहीं हटाया गया, तो विद्यार्थी परिषद द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### विवि प्रबंधन से बात करने से इनकार

छात्रों ने विवि प्रबंधन से बात करने इनकार कर दिया। कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल छात्रों से मिलने और ज्ञापन लेने के लिए आए, लेकिन छात्रों ने उनसे मुलाकात करने और ज्ञापन देने से इनकार कर दिया। छात्रों ने विवि प्रबंधन पर भी बार-बार जांच के नाम पर मामले को दबाने का आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि वे उच्च शिक्षा विभाग अथवा शासन के प्रतिनिधि को ही ज्ञापन सौंपेंगे, ताकि उचित कार्रवाई हो सके। खबर लिखे जाने तक देर रात छात्र रविवि के प्रशासनिक भवन के सामने ही बारिश के बाद भी धरने पर बैठे रहे।

### राजनीति से प्रेरित

वहीं एबीवीपी के विरोध-प्रदर्शन पर एनएसयूआई ने सवाल उठाए हैं। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कुलसचिव को रजिस्ट्रार पद से हटाने की मांग पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। यह मांग संघी मानसिकता को थोपने का प्रयास है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। वर्तमान कुलसचिव को हटाकर संघी को नियुक्त करने की तैयारी है। यही वजह है कि उन्हें हटाने आंदोलन हो रहे हैं।

## 60 मवेशियों की धरपकड़, भेजा गोठान



**रायपुर**। नगर निगम के अलग-अलग जोन की टीम ने काऊकैचर की मदद से गुरुवार को शहरभर में 60 मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा। अभियान के तहत जोन 2 ने 3, जोन 3 की टीम ने 19 आवारा मवेशियों की धरपकड़ कर गोठान में छोड़ा। जोन 4 ने 9 और जोन 5 ने 10 मवेशियों को पकड़कर गोठान छोड़ा। इसी तरह अन्य जोन की टीम ने सड़क यातायात बाधित करने वाले मवेशियों को पकड़ने तत्परता दिखाई।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### पीएनबी को बैंक नराकास राजभाषा शील्ड में प्रथम स्थान



**रायपुर**। बैंक नराकास द्वारा गुरुवार को आयोजित 56वीं छमाही बैठक में पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय, रायपुर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सबसे उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को हरीश सिंह चौहान, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रदान किया। नराकास राजभाषा शील्ड उप अंचल प्रबंधक पी. अरुण कुमार राव और मंडल प्रमुख वीरेंद्र कुमार शर्मा को सौंपी गई। राजभाषा प्रमाणपत्र नवीन जाधव, वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा ने ग्रहण किया। इस अवसर पर पी. अरुण कुमार राव ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक अपने डिजिटल उत्पादों में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के प्रयोग के माध्यम से कारोबार बढ़ा रहा है और राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बैंक के स्टाफ से सरल हिंदी में काम करने और राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

### रायपुर में आज से 'वेडिंग सूत्रा' का भव्य आयोजन

sutraa
Indian-Fashion-Exhibition

**रायपुर**। 'वेडिंग सूत्रा' का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, जो 23 और 24 अगस्त को होटल सायाजी रायपुर में आयोजित होगा। यह भव्य इवेंट शादी के कपड़े, गहने और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स का एक खास संग्रह पेश करेगा, जिसमें भारत के प्रमुख डिजाइनर और ब्रांड्स शामिल होंगे। सूत्रा प्रदर्शनी ने फैशन और लाइफस्टाइल में नवीनतम ट्रेंड्स को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच स्थापित किया है। इस बार की रायपुर प्रदर्शनी एक शानदार अवसर होगी, जिसमें ब्राइडल वियर, काउचर और एसेसरीज की नवीनतम कलेक्शंस देखने को मिलेंगी। सूत्रा प्रदर्शनी देशभर में बेहतरीन एग्जीबिशन आयोजित करता है, जो नवीनतम फैशन कलेक्शंस को एक साथ लाता है और महिलाओं को शादी की योजना बनाने का एक व्यापक संसाधन प्रदान करता है। यह इवेंट भारतीय परिधानों की लक्जरी और समकालीन व्याख्याओं को प्रस्तुत करता है, जिससे फैशन को बढ़ावा मिलता है।

**गुम की सूचना**

फ़ार्म फेटे फ़ार्म हाउस के पीछे नदी के पास, ग्राम कुरुद, मंदिर हसौद में दिनांक 31.07.2024 को Apple Iphone 13 Pro Max (गोल्ड कलर) का मोबाइल गुम गया है । जो भी व्यक्ति वापस लाके देगा उसको 30,000/- रुपए नगद इनाम दिया जाएगा । लाने वाले का पहचान नहीं बताया जाएगा ।

संपर्कः 7777857120

online Booking:-www.tripuryatra.com




21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411



## सिटी इवेंट

### गतका चैंपियनशिप संगरूर में देशभर से आएंगे 3000 खिलाड़ी



**रायपुर।** 8वीं गतका नेशनल चैंपियनशिप पंजाब के संगरूर में 24 से 27 अगस्त तक आयोजित होने जा रही है। इसमें भाग लेने छत्तीसगढ़ की चयनित गतका टीम रवाना हो गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश गतका संघ की अध्यक्ष सिमरन सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम का सलेक्शन ट्रायल एंड चैंपियनशिप के माध्यम से हुआ। यह छत्तीसगढ़ में विगत दिनों हुआ था। इसमें चयन प्रक्रिया के दौरान 80 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो 8वीं नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे हैं। इसमें क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी नेशनल गेम्स और खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई करेंगे।

#### बीते वर्ष छग के 11 खिलाड़ी हुए थे क्वालीफाई

इसके पहले असम में नेशनल चैंपियनशिन आयोजित की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़ के 11 खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई किया था। इस बार भी पूरी उम्मीद है कि खेलो इंडिया और नेशनल गेम के लिए खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे। इस नेशनल चैंपियनशिप में पूरे भारतवर्ष से करीबन 3000 खिलाड़ियों भाग लेने की संभावना है। छत्तीसगढ़ से सम्मिलित हो रही टीम में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी भी सम्मिलित हैं। छत्तीसगढ़ से प्रमुख रूप से सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी में राजवीर सिंह, कृष्णा सिंह, हंसिका कौर, गुरमेहर कौर सिमर कौर शामिल हैं।

## कैंपस इवेंट

### मतदाताओं के साथ मजबूत संबंध बनाएं और हमेशा दयालु बने रहें



**रायपुर।** एनआईटी में नया भारत उत्सव के तहत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां छात्रों ने जनप्रतिनिधियों से संवाद भी किया। इसके मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल रहे। विशेष अतिथि के रूप में रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला शामिल हुए। आईआईटी भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत बोर्ड के सेवानिवृत्त अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र शुक्ला तथा पेट्रोलियम मंत्रालय भारत सरकार के स्वतंत्र निदेशक दीपक म्हस्के मौजूद रहे। मेजबानी एनआईटी निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने की। डॉ. राजीव प्रकाश ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

#### चीन से भारत आ रहे हैं उद्योग

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उपस्थित छात्रों के साथ एक संवाद सत्र में हिस्सा लिया। एनआईटी के छात्र राहुल ने पूछा कि भारत कब विश्व गुरु बनेगा? इस पर उन्होंने बताया कि कैसे चीन से उद्योग भारत आ रहे हैं और भारत की प्रतिभाशाली जनसंख्या इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एनआईटी की पीएचडी छात्रा दुर्गा पटेल ने बृजमोहन अग्रवाल से उनके कॉलेज जीवन और उनके राजनीतिक कॅरियर में प्रेरणा के बारे में पूछा। उन्होंने छात्र राजनीति में अपने शुरुआती संघर्षों और एक युवा नेता के रूप में अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने उभरते नेताओं को सलाह दी कि वे मतदाताओं के साथ मजबूत संबंध बनाएं और जीवन में दयालु और परिश्रमी बने रहें। एक फोटो प्रदर्शनी भी रखी गई।

## लाइव इवेंट

### तीज में महिलाएं सजाएंगी वाण युवा पीढ़ी को जोड़ने होगी स्पर्धा



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा और तात्यापारा महिला केंद्र की ओर से 29 अगस्त को तीज महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें वाण सजाओ स्पर्धा खास रहने वाली है। वाण सुहासिनों को दिया जाना वाला भेंट है, जो मंगलागौरी उद्यापन के समय दिया जाता है। कार्यक्रम की संयोजक अपर्णा मोघे और आराधना शेष ने बताया कि तीज महोत्सव और उसमें वाण स्पर्धा का आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़े रखने के लिए किया जा रहा है। नवविवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए सावन मास में पांच सालों तक मंगलागौरी का व्रत रखती हैं। जिन विवाहिताओं के व्रत पांच साल पूरे हो चुके होते हैं, वो सावन के आखिरी मंगलवार को पूजा कर सौभाग्य का वाण देती हैं।

#### गणेश चतुर्थी पर किया 51 बार अथर्व शीर्ष पाठ

महाराष्ट्र मंडल के डगनिया केंद्र की महिलाओं ने गुरुवार की शाम को अपर्णा धबड़गांव के घर पर संकष्टी चतुर्थी के उपलक्ष्य में 21 बार अथर्व शीर्ष पाठ किया। इसके अलावा हनुमान चालीसा और रामरक्षा स्त्रोत का पाठ भी किया गया। इस अवसर पर रंजना राजिमवाले, नमिता शेष, भावना राजिमवाले, श्रद्धा मरघड़े, अनुभा जाउलकर, सरोज पराड़, शैला गायधनी, माधुरी इंचुलकर, प्रणिता इंचुलकर, जया भावे, वंदना जोशी, मंजूषा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

---

**मुक्ताकाशी मंच में तीन दिवसीय रंग पर्व प्रारंभ, पहले दिन देवार जनजाति की जीवन शैली पर कलाकारों ने दी प्रस्तुति**

# नाटक में जीवंत हुआ देवार जनजाति का 'कलाप्रेम' पंडवानी में दुशासन प्रसंग ने याद दिलाया 'महाभारत'

छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सहजने के उद्देश्य से गुरुवार को संस्कृति विभाग की ओर से मुक्ताकाश मंच में रंग पर्व नाट्य श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन नाटक गोदना का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। नाट्य प्रस्तुति के जरिए देवार जनजाति की जीवन शैली, कला और संस्कृति को दर्शाया गया।

**रायपुर।** कलाकारों ने सवांद और नृत्य से लोगों को जनजातीय विशेषता बताई और जीवन शैली से रूबरू भी कराया। रुंझू वाद्य के साथ कलाकर मंच में प्रस्तुति देने पहुंचे। कलाकारों ने बताया कि देवार मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में रहने वाली एक यायावर जाति है। यह जनजाति कलाप्रेमी जाति के रूप में जानी जाती रही है। नाट्य प्रस्तुति में देवार जनजाति की लोक गाथा गायन के बारे में बताया गया। जनजाति के लोग एक जगह से दूसरी जगह घूमते हुए जीविकोपार्जन करते हैं। बदलते समय के साथ अब लोक ज्ञान के रूप में उपलब्ध लोक गाथाओं को सहेजने व इस कला को इनकी जीविका का साधन बनाने के प्रयास हो रहे हैं। यह प्रस्तुति गौतम चौबे द्वारा दी गई। नाटक में ग्रामीण परिवेश में देवार जनजाति की जीवन शैली की झलक देखने को मिली। कलाकारों ने संवाद और अभिनय के जरिए जनजाति का संघर्ष को जीवंत कर दिया।







### पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती हैं दंत कथाएं

कार्यक्रम में लोगों को विश्व लोक आख्यान दिवस के बारे में जानकारी दी गई। विभाग द्वारा बताया गया कि सन 1991 में इंटरनेशनल फोकलोर कमेटी द्वारा वैश्विक स्तर पर इसकी शुरुआत की गई थी। लोक-आख्यान परम्पराएं मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इस अमूर्त परंपरा में लोककथा, दंतकथाएं, गीत, नृत्य, एवं रीतियों का समावेश होता है, जो कि पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती है। छत्तीसगढ़ की लोक परंपराएं संपूर्ण विश्व में हमारी विशिष्ट पहचान हैं। कार्यक्रम के जरिए से लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।



### दुशासन वध की सुनाई गाथा

विश्व आख्यान दिवस पर मुक्ताकाश मंच में पंडवानी गायन ऋतु वर्मा और किरण शर्मा और समूह ने भरथरी गायन की प्रस्तुति दी। ऋतु वर्मा ने पंडवानी के जरिए द्रौपदी चीरहरण की कथा सुनाई। इसके पश्चात उन्होंने महाभारत युद्ध के समय भीम द्वारा दुर्योधन के जांघ उखाड़ने के प्रसंग पर प्रस्तुति दी। उनकी इस प्रस्तुति और व्याख्यान को सुनकर दर्शकों के सामने महाभारत के दृश्य एकाएक सामने आने लगे। उनकी इस ओजपूर्ण और वीर रस से भरपूर पंडवानी का दर्शकों ने आनंद उठाया।

### भरथरी गायन ने मोहा

कलाकार किरण शर्मा और साथियों ने भरथरी गायन की प्रस्तुति दी, जिसमें राजा भरथरी की जीवन गाथा के बारे में बताया गया। भरथरी गायन ने सभी का मन मोह लिया। भरथरी के बैराग प्रसंग की भी जानकारी दी गई। प्रस्तुति के जरिए लोगों को छत्तीसगढ़ की अनोखी गायन शैली सुनने को मिली। लोककला और संस्कृति से सजे मंच में लोगों ने छत्तीसगढ़ के जनजाति के बारे में नृत्य व गायन के जरिए बताया गया। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा और संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य के साथ बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

---

# आईआईएम करेगा लीडरशिप समिट की मेजबानी केस स्टडी के जरिए उद्योगपति देंगे स्टार्टअप टिप्स

**रायपुर।** भारतीय प्रबंध संस्थान अपने 8वें लीडरशिप समिट का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित दो दिवसीय आयोजन है में विभिन्न उद्योगों के प्रमुख कॉर्पोरेट नेता और विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह समिट 24 और 25 अगस्त को आईआईएम कैंपस में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा मुख्य वक्तव्य दिए जाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में एर्गोडे के संस्थापक-सीईओ रुपेश संघवी तथा सर्विसनाउ की कमोलिका गुप्ता शामिल होंगी। इस वर्ष के समिट की थीम 'व्यवसाय स्वामी बनाना' है। इसका उद्देश्य उभरते हुए लीडर्स को आज के गतिशील व्यावसायिक वातावरण में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरणों और रणनीतियों से लैस करना है। इस थीम के माध्यम से, रणनीतिक सोच, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नैतिक निर्णय लेने पर जोर देते हुए ऐसे लीडर्स को विकसित करने की कोशिश की जाएगी जो नवाचार को बढ़ावा दें और स्थायी, समावेशी प्रथाओं को आगे बढ़ाएं। विभिन्न व्यावायिक प्रतिष्ठानों से 32 वक्ता इसमें शामिल होंगे। इनमें सौरेन पॉल, अभिषेक महंती, सुब्रमणियन चिदंबरम, सुमित सांगवान, अंजनी के. जाजोदिया, रीना इवांस, चंद्रप्रकाश जैन सहित कई नाम शामिल हैं।

### आज से प्रांरभ होगा समिट, जुटेंगे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि



### जटिलताओं से परिचित होंगे छात्र

आईआईएम डायरेक्टर प्रो. रामकुमार काकानी ने कहा कि हम विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों की गहरी समझ रखने वाले उद्योग विशेषज्ञों की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। विभिन्न उद्योगों से आए ये कॉर्पोरेट एक्सपर्ट अपने मूल्यवान अनुभवों और दृष्टिकोणों को साझा करेंगे, जिससे हमारे छात्रों संबंधित क्षेत्रों की जटिलताओं और उनके समाधान से परिचित हो सकेंगे। 8वां लीडरशिप समिट 2024 ज्ञानवर्धक चर्चाओं और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

### उद्योग विशेषज्ञों संग साझा करेंगे चीजें

विभिन्न उद्योगों के प्रतिष्ठित वक्ताओं का एक पैनल अपने सेशन में केस स्टडीज और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को संबंधित ज्ञान देंगे। छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों और सहकर्मियों के साथ नेटवर्किंग का अवसर भी मिलेगा। आईआईएम प्रबंधन का कहना है कि इसके माध्यम से सकारात्मक बदलाव और संगठनात्मक विकास में योगदान दिया जा सकेगा।

## व्यापम की परीक्षाएं 25 से सिलेबस व प्रवेशपत्र अपलोड

**रायपुर।** व्यापम द्वारा जुलाई माह में भर्ती परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया गया था। 28 जुलाई को छग उच्च न्यायालय में सहायक ग्रेड-3 के लिए हुई भर्ती के बाद 25 अगस्त से परीक्षाओं का दौर पुनः प्रारंभ हो रहा है।



25 अगस्त को प्रयोगशाला सहायक और तकनीशियन के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए प्रवेशपत्र जारी किए जा चुके हैं। अन्य भर्ती परीक्षाओं में सर्वाधिक 300 पद छात्रावास अधीक्षक के हैं। इसके लिए व्यापम को 6.5 लाख आवेदन मिले हैं। 20 अक्टूबर तक चलने वाली इन परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक इन सभी परीक्षाओं में 8 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। व्यापम द्वारा इन सभी भर्ती परीक्षाओं के लिए पृथक शेड्यूल पूर्व में ही जारी किया जा चुका है। इसके लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी संबंधित वेबसाइट में जाकर सिलेबस, प्रश्नपत्र का पैटर्न सहित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। किसी तरह की समस्या होने के लिए व्यापम द्वारा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

---

**'स्टाइल सागा' में विद्यार्थियों ने सजाए स्टॉल, टीम वर्क कर किया तैयार**

# कम बजट में स्टूडेंट्स ने तैयार किए डिजाइनर ड्रेस, इसमें पाकिस्तानी प्रिंट से लेकर जापानी फूल से प्रेरित परिधान

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** फैशन डिजाइनिंग स्टूडेंट्स ने जब कम बजट में स्टाइलिश कपड़े तैयार किए तो हर कोई उन्हें निहारता नजर आया। फैशन इंस्टिट्यूट एटीडीसी द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक प्रदर्शनी 'स्टाइल सागा'का यह नजारा रहा। यह प्रदर्शनी रायपुरा चौक स्थित एक निजी कांप्लेक्स में लगाई गई। जिसमें 40 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इंस्टिट्यूट के प्राचार्य राजागिर गोस्वामी ने बताया, फैशन इंस्टिट्यूट द्वारा पहली बार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में सभी प्रतिभागियों ने कम बजट में ड्रेस तैयार किया, जिसे त्यौहारों के अनुसार सजाया गया है। इस दौरान बच्चों से लेकर गर्ल्स व ब्वॉयज के लिए डिजाइनर ड्रेस तैयार किए गए।





### पेंटिंग से ट्रेडिशनल टच

अंजली राजपूत ने बताया, जापान व चाइना के लोकप्रिय फूल चेरी ब्लॉसम से इंस्पायर होकर ड्रेस तैयार किया। फूल की तरह ड्रेस को भी डिजाइन किया गया, जिसे तैयार 2-3 दिनों का वक्त लगा। ड्रेस को फूल का डिजाइन देने के लिए 8 लोगों की टीम की जरुरत पड़ी। वहीं रोशनी देवांगन ने लीलेन फेब्रिक की टी शर्ट पर हैंडमेड पेंटिंग तैयार की। लगातार 1-2 दिन की मेहनत के बाद इस पेंटिंग को तैयार किया गया। पेंटिंग में युवती का दृश्य देखने को मिल रहा है, साथ ही तितली, फूल भी नजर आ रहे हैं। इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र पेंटिंग का डिजाइन रहा, जिसें बिना ऑनलाइन सर्च खुद ही तैयार किया गया।



### दुपट्टे में पाकिस्तानी प्रिंट

शिखा फरा ने अपने स्टॉल पर हैंडमेड पीलो कवर व दुपट्टा सजाया। जिसमें ब्लैक ऑर्गेंजा कपड़े पर पीकू वर्क किया गया। इसे पाकिस्तानी प्रिंट के साथ तैयार किया गया। इसकी कीमत 400 रुपए तय की गई। वही कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पीलो कवर तैयार किया, जिसमें हैंडमेड पेंटिंग बनाई गई। इसमें श्री कृष्ण की छवि देखने को मिल रही है, जिसकी कीमत 120 रुपए है।

**'रोमांस इन' थीम पर ड्रेस डिजाइन :** द्वितीय वर्ष की विद्यार्थी दिशा जैन ने बताया, प्रदर्शनी में मुख्य रुप से बजट का ध्यान रखा गया है। इसमें कम से कम बजट में सभी ड्रेस को तैयार करने की कोशिश छात्रों ने की है। प्रदर्शनी में 'रोमांस इन' थीम पर मैंने ड्रेस डिजाइन किया। इसे दोस्तों की मदद से 5-6 दिनों में बनाया है। इस ड्रेस को तैयार करने में प्रत्येक व्यक्ति को केवल 150 रुपए का खर्च आया है। ऑर्गेंजा फेब्रिक में व्हाइट बिट्स व डिजाइन की मदद से ड्रेस तैयार किया गया।

सिटी लाइव

## चमत्कारों के पीछे होते हैं वैज्ञानिक कारण, इन्हें सामने लाना जरूरी




**रायपुर।** राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम तेलीबांधा तालाब रखा गया। यहां तथाकथित चमत्कारों के पीछे वैज्ञानिक कारणों का प्रदर्शन किया गया। नागरिकों एवं विद्यार्थियों को अंधविश्वास निर्मूलन से संबंधित किताबें, पंपलेट वितरित किए गए। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, तर्कशील, सहित सहयोगी संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ.नरेंद्र दाभोलकर को श्रद्धांजलि दी गई। आयोजन में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा, देश में अंधविश्वास व सामाजिक कुरीतियों के कारण प्रतिवर्ष हजारों लोग प्रताड़ना के शिकार होते हैं। वर्तमान में वैज्ञानिक जागरूकता की अत्यंत आवश्यकता है।

### वास्तुशास्त्र से भी जुड़े हुए हैं अंधविश्वास

विशेषज्ञों ने इस मौके पर कहा कि अंधविश्वास मिटाने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने की जरूरत है, जिससे लोगों के मन में बसे अंधविश्वास व सामाजिक कुरीतियां हटाई जा सकें। विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी दी। तर्कशील परिषद के डॉ.आरके सुखदेवे ने कथित चमत्कारों के वैज्ञानिक प्रदर्शन किए तथा चमत्कारों की वैज्ञानिक सत्यता बताई गई। संजीव शाह ने वास्तुशास्त्र से जुड़े अंधविश्वासों की जानकारी दी। अंजू मेश्राम, निसार अली, डॉ.राकेश गुप्ता, उमाशंकर ओझा, अधीर, जयश्री भगवानानी सहित अनेक नागरिक व स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

अराधना

## होटलों में व्रत खोल रहे लोग विवेक संग करें नियम पालन



**रायपुर।** श्री जैन दादाबाड़ी में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में विराग मुनि महाराज साहब ने कहा कि विषयों का विराग जरूरी है। इसे हर किसी को समझना होगा। अपरिग्रह के साथ जीवन जिएं। अर्थात जितना जरूरी है, उतना ही लें। सुलीभद्र जी से सीखिए जिन्होंने इतना अच्छा जीवन जिया। हम ऐसा जीवन नहीं जी पा रहे हैं तो इसके पीछे मुख्य कारण यही है कि हमारे भीतर धर्म के लिए अहोभाव नहीं हैं। आज स्थिति में है कि लोगों को भक्ष-अभक्ष का भी ज्ञान नहीं रह गया है। होटलों में पारणा किया जा रहा है। विवेक रखें। जैन धर्म में जन्म लिया है। जिन शासन के नियमों का पालन करें।

### बूंद की तरह जीवन बिताता जा रहा

मुनिश्री ने कहा, लोग धन प्राप्ति के लिए पूरा पुरुषार्थ कर रहे हैं। पानी की गिरती बूंद की तरह जीवन बिताता जा रहा है। दूसरों की संपत्ति को देखकर दुखी होने के स्थान पर संतोष धारण करें। यह चातुर्मास समय वापस नहीं मिलेगा। संसार को कब तक पकड़े रहेंगे? मरते दम तक? संसार की चिंता में डूबे हैं। ज्ञान, दर्शन, चारित्र्य की चिंता कर आत्म कल्याण करना होगा। वही साथ जाएगा। उन्होंने कहा कि निंदा में रस आता है। घंटों बीत जाए, पता नहीं चलता। वहीं लोगों को प्रवचन-स्वाध्याय में कोई रस नहीं मिलता।

कैंपस लाइव

## संस्कृत में परिचय, नृत्य-गायन संग भाषण भी इसी भाषा में



**रायपुर।** सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संस्कृत दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं ने संस्कृत में गणेश स्तुति की प्रस्तुति दी, जिसके पश्चात संस्कृति भाषा में विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र संस्कृत भाषा में दी गई प्रस्तुतियां रहीं। इसमें सुभाषितानि सूक्तियां, वार्तालाप, गीता पाठ, अष्टादश श्लोक का वाचन, संस्कृत गीत, नृत्य, संस्कृत भाषण प्रस्तुत किया गया। छात्रों को संस्कृत भाषा का ज्ञान देने यह आयोजन किया गया था।

### अतिथियों ने संस्कृत में किया संबोधित

आयोजन में विद्यालय के प्राचार्या डॉ. ईरावत भूषण परगनिहा उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रुप में शिशु वाटिका प्रांतीय प्रमुख रामकुमार वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधन संस्कृत भाषा में दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य संजय बरवे ने प्रांगण में विभिन्न मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ कराया। इस दौरान शिक्षकों के साथ छात्राओं को भी हवन में शामिल होने का अवसर मिला। जहां भारी संख्या में स्कूल के छात्र शामिल हुए। प्राचार्य ने बताया, प्रत्येक वर्ष संस्कृत दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है।

दिव्य कला मेला : 8 राज्यों के 58 कलाकारों ने लिया हिस्सा

# बुलंद हौसले... व्हीलचेयर पर हैरतंगेज करतब ऊंचाई 2 से 3 फीट, नृत्य शैलियों में बेहतरीन धाक

*दिव्यांगों ने जब मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी तो उनकी कलाएं देखकर दर्शकर खुद को ताली बजाने से रोक नहीं पाए। मौका था बीटीआई ग्राउंड में आयोजित दिव्य कला मेला का। इसका समापन गुरुवार को हुआ। सात दिवसीय मेला में 13 राज्यों से 48 दिव्यांग उद्यमियों ने हिस्सा लिया था। समापन अवसर पर 'दिव्य कला शक्ति' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 8 राज्यों के 58 कलाकारों ने हिस्सा लिया।*



### बंगाली फोक डांस

शहर के स्कूली बच्चों ने बंगाली पारंपरिक गीत पर प्रस्तुति दी। सामूहिक नृत्य के दौरान प्रतिभागी बंगाली वेशभूषा में नजर आए। गाने में बंगाल के विभिन्न पर्व व संस्कृति का जिक्र किया गया। नृत्य के दौरान स्कूली छात्रों को नृत्य प्रशिक्षक मंच के दूर से ही गाइड करती नजर आईं। इसके साथ ही परिजन अपने बच्चों की प्रस्तुति कैमरे मे कैद करते दिखे।

**रायपुर।** संध्या से प्रारंभ हुए दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ दिव्यांगों के लिए काम करने वाले संस्था सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें एकल व सामूहिक रुप से दिव्यांगजनों ने प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका उपस्थित रहे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, नेशनल दिव्यांगजन फायनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सीएमडी नवीन शाह, समाज कल्याण निर्देशक रोक्तिमा यादव भी इसका हिस्सा बने।



### मन की आंखों से देखी दुनिया

धड़कन और बादशाह फिल्म के गानों पर ओडिशा के रवि ने प्रस्तुति दी। ब्लाइंड होने के बाद भी रवि के दर्शकों के समक्ष शानदार प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। ऐसे ही अपने अनोखे कला के साथ कलाकारों ने दर्शकों की बीच लगातार प्रस्तुति दी। जिन्हें देखकर अतिथि एवं दर्शकों ने प्रतिभियों के हुनर को सराहा। गुरुवार को तेज बारिश के बाद भी कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिली। कुछ दर्शक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्टॉल में खरीदी करते भी नजर आए।



### नम हुई पालकों की आंखें

माता-पिता के लिए अपने बच्चे खास ही होते हैं। ऐसा ही एक दृश्य कार्यक्रम में देखने को मिला, जहां बच्चों की प्रस्तुति देख परिजन भावुक नजर आए। कुछ प्रतिभागियों ने पहली बार मंच पर प्रस्तुति दी, तो वहीं कई कलाकर मंच पर प्रस्तुति के दौरान उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर माता-पिता अपने कैमरे में बच्चों की प्रस्तुति कैद करते दिखे। मानसिक रुप से कमजोर प्रतिभागियों द्वारा अनोखे अंदाज में समूह नृत्य देखने को मिला। जिसे गणेश चतुर्थी की थीम पर तैयार किया गया। पांच मिनट की प्रस्तुति ने लोगों को भावुक कर दिया। मंच पर गाने की शुरुआत होते ही प्रतिभागी उत्साहपूर्वक नृत्य करते रहे, तो कुछ अपने रंग-बिरंगे कपड़ों को देखकर खुश दिखे।

### फिल्मी गानों पर झूमे प्रतिभागी

दो घंटे तक चली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिव्यांगों के साथ मानसिक रुप से कमजोर प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया। जम्मू से सुरभी ने कान्हा सोजा जरा.., झारखंड से ममता ने नचले मेरे यार... और आलिहा ने मधुबन में जो कन्हैया किसी गोपी से मिले...जैसे फिल्मी गानों में शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी।



### बाधा नहीं बन सकी शारीरिक कमजोरी

कई ऐसे प्रतिभागी भी रहे, जिनकी ऊंचाई 2 से 3 फीट ही थी। शारीरिक कमजोरी को उन्होंने बाधा नहीं बनने दिया और शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। ओडिसा के कलाकारों ने समूह नृत्य पेश किया। इसमें कृष्ण लीला नजर आई। कृष्ण जन्म, माखन लीला, राधा-कृष्ण नृत्य, कालिया नाग के साथ युद्ध का मंचन किया गया। जम्मू-कश्मीर के श्रावण ने देखभक्ति गानों पर प्रस्तुति दी। दिव्यांग होने के बाद भी श्रावण ने डांस में 6 से अधिक बार स्टंट दिखाया। व्हीलचेयर के साथ उनका स्टंट करना दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजन में श्रावण की 3 मिनट की प्रस्तुति ने सबसे अधिक तालियां बटोरी।



# शाम सिंदूरी... शास्त्रीय संगीत संग गजलों की मोहक जुगलबंदी, खास रही वाद्य यंत्रों की संगत

**रायपुर।** आकाशवाणी की ओर से महाराष्ट्र मंडल में आयोजित संगीत सभा 'शाम सिंदूरी' ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने देर शाम तक शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत का रसास्वादन किया। शास्त्री संगीत के कलाकारों में कश्यप बंधुओं ने पक्के रागों से रसिकों का मन मोह लिया। वहीं डॉक्टर नमन ने उम्दा गजल गायकी से समा बांध दिया। प्रसार भारती आकाशवाणी के आयोजन शाम सिदूंरी में आमंत्रित कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी।

### आकाशवाणी ने रखी संगीत सभा




कार्यक्रम के पहले चरण में शास्त्रीय संगीत में पंडित प्रभाकर कश्यप और पंडित दिवाकर कश्यप ने राग कामोद में ख्याल गायन प्रस्तुत किया। इनके द्वारा प्रस्तुत राग दुर्गा भी उपस्थित कला प्रेमियों ने बहुत पसंद किया। प्रस्तुतियां इतनी मनमोहक रही कि यहां पहुंचे गीत-संगीत प्रेमी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ही सभागार से निकले।



### पुराने गजलों में डूबे श्रोता

कश्यप बंधुओं के साथ तबले पर पंडित मुकुंद भाले, हारमोनियम पर सतीश इंदुरकर और तानपूरे पर कृष्ण प्रकाश ने संगत की। सुरमई शाम का दूसरा चरण गजल प्रस्तुतियों के नाम रहा। डॉ.दत्त ने मशहूर शायरों की एक से बढ़कर एक गजलें पेश की। शायर बशीर बद्र और राजेश रेड्डी की गजलों को खास तौर पर दाद मिली। उनके साथ तबले पर हरिओम हरि और वायलिन पर के.रोहन नायडू ने संगत की। कार्यक्रम में वाद्य यंत्रों की जुगलबंदनी ने सभी का मन मोह लिया।

## नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 16 सितंबर तक

**रायपुर।** देश भर के नवोदय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 के दौरान छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए आयोजित किए जाने जवाहर नवोदय विद्यालय सेलेक्शन टेस्ट में सम्मिलित होने के लिए जरूरी पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित की जाने वाली इस प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की निर्धारित आखिरी तारीख 16 सितंबर है। ऐसे में जो पैरेंट्स अलगे साल अपने बच्चे का नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं में दाखिला कराना चाहते हैं, वे प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण ऑनलाइन मोड में कर सकते हैं। इसके लिए पैरेंट्स को नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट, **navodaya.gov.in** पर विजिट करना होगा और फिर होम पेज पर दिए गए लिंक पर जाना होगा। इस पोर्टल के कैंडिडेट कॉर्नर में कक्षा 6 में दाखिले से सम्बन्धित ऑनलाइन फॉर्म का दिया गया है, जिसके माध्यम से पैरेंट्स फॉर्म भर सकते हैं।

### संबंधित जिले के विद्यालय में ही दाखिला

समिति द्वारा जारी नियमों के अनुसार कक्षा 6वीं में दाखिले के लिए स्टूडेंट को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में कक्षा 5वीं में पंजीकृत होना चाहिए। ध्यान देने वाली बात है कि जिस जिले में नवोदय विद्यालय स्थित है, छात्र या छात्रा को उसी जिले के किसी स्कूल में पंजीकृत होना चाहिए। दूसरी तरफ, छात्र या छात्रा का जन्म 1 मई 2013 से पहले तथा 31 जुलाई 2015 के बाद नहीं हुआ होना चाहिए। योग्यता से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए पैरेंट्स प्रॉस्पेक्टस देख सकते हैं।

संस्कृत सभी भाषाओं की जननी, इसके गूढ़ रहस्यों को समझें विद्यार्थी

# संस्कृत से नई पीढ़ी को जोड़ने लगाए जाने चाहिए स्पेशल कैंप रोजमर्रा के जीवन में इसे शामिल करने से होगा भाषा प्रसार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** संस्कृत को सभी केवल देवभाषा, पुराणों की भाषा समझते हैं। बहुत कम लोग जानते हैं की यह समृद्धशाली भाषा है। भारत के पुरातन और सनातन संस्कृति को बचाए रखने में संस्कृत भाषा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जितने भी वेद, पुराण, ग्रंथ हैं वे सभी मूल रूप मे संस्कृत भाषा में लिखे गए हैं। वेद पुराणों की महत्ता को देखते हुए अब विश्व की अन्य भाषाओं में इनका अनुवाद किया जा रहा है। यह बात छछानपैरी के स्कूल में संस्कृत भारती के प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी एवं प्रचारक पंडित चन्द्रभूषण शुक्ला ने कही। प्रदेशभर के विद्यालयों में 16 से 22 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजल किया गया। इसका समापन गुरुवार को हुआ। इसके अंतर्गत राजधानी सहित भाटापारा, छछानपैरी, मुरा के विद्यालयों में संस्कृत गीत और व्याख्यान का आयोजन किया गया। छात्रों को संस्कृत भाषा के इतिहास सहित वर्तमान जीवन में उसके प्रयोग व महत्ता के विषय में बताया गया।




### खुशहाल व समृद्ध बनाएगी

विशेषज्ञों ने इस दौरान बताया कि संस्कृत स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक इसे सरल तरीके से कैसे पढ़ा सकते हैं? उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए संस्कृत की शिक्षा व छात्रों में रुचि बढ़ाने के लिए कैंप आयोजित किए जा सकते हैं। यह पहल प्राचीन भाषा संस्कृत भाषा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कारगर भी होगा। आज की पीढ़ी केवल धन संचय करने में लगी है। संस्कृति और संस्कार को भूलते जा रही है। संस्कृत ही ऐसी भाषा है, जो जीवन को खुशहाल और समृद्ध भी बनाएगी।



### रोजगार की अपार संभावना

संस्कृत भारती के अध्यक्ष डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर, संगठन मंत्री हेमंत साहू ने कहा कि संस्कृत भाषा के संरक्षण और प्रचार के लिए पहल जरुरी है। संस्कृत में चर्चा, गोष्ठी, संभाषण, प्रश्नोत्तरी, व्याख्यान आयोजित करने सहित संस्कृत को कॅरियर के रूप में अपनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को संस्कृत की महत्ता व ग्रंथों में समाहित गूढ़ रहस्य को समझना है तो संस्कृत उनके लिए जरुरी है। संस्कृत विज्ञान की ही नहीं बल्कि दिव्य भाषा है। इसके अन्य पहलुओं पर भी विशेषज्ञों ने प्रकाश डाला।

### संस्कृत जीवन संवारने वाली भाषा

आगे बताया कि वर्तमान दौर में भी संस्कृत बहुत ही उपयोगी भाषा है। यह जीवन को संवारने वाली भाषा है। अनेक स्कूलों में संस्कृत के शिक्षक को संस्कृत में बोलना नहीं आता। संस्कृत के शिक्षकों के लिए भी संभाषण कैंप लगाने चाहिए, ताकि उनकी इस भाषा पर पकड़ और मजबूत हो सके। सभी को धारा प्रवाह संस्कृत बोलना और सरल ढंग से संस्कृत पढ़ाना सीखना चाहिए। इससे शिक्षक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को भी सरल रूप से संस्कृत सीखा सकेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अखिल भारतीय योग प्रतियोगिता में दक्षिण रेलवे की टीम प्रथम




**रायपुर** । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के मंडल मुख्यालय रायपुर मे 47 वी अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल योगा प्रतियोगिता -2024 का आयोजन 20 अगस्त से 22 अगस्त तक डब्लुआरएस रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। महिला एवं पुरूष दोनो वर्ग में प्रतियोगिता को उम्र के अनुसार 18-21 वर्ष, 22-25 वर्ष, 26-30 वर्ष, 31-35 वर्ष, 36-45 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र की 06 श्रेणियों मे रखा गया प्रतियोगिता मे रेलवे सुरक्षा विशेष बल सहित क्षेत्रिय रेलो से 14 टीमों में महिला की 15 और पुरूष की 61 टीम सहित कुल 76 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी योग प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता में दक्षिण रेलवे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मध्य रेलवे ने दितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर थे। अध्यक्षता रमण कुमार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रायपुर ने की। इस अवसर मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में सभी लोगो को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने की सलाह दी।

### राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन में रोमांचक दौर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ 23वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर अंडर-15, अंडर-17 बालक बालिका वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ आई स्पोर्ट्स बैडमिंटन अरिना, मोआ, रायपुर में हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य के 19 जिलों के 353 प्रतिभागी ने हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा आयोजित की जा रही है। क्वालीफिकेशन राउंड के बाद मुख्य ड्रॉ गुरुवार से खेले गए। अंडर 15 बालक एकल वर्ग में तक्ष घोंगडे ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए कृष रॉय को 21-18 , 21-19 से हराया। सैयद ज़ायन अली ने रूद्र तिवारी को 21-19, 21-18 से हराया। नैतिक साहू ने हिमांश को 21-06 , 21-03 से, दीप पटेल ने हर्षवर्धन सिंह को 19-21, 21-17, 21-13 से हराया। अर्हत राहुल ने कृशव भटनागर को 21-10 , 21-11 से हराया। एरिक जसवानी ने एकतरफा मुकाबले में अभिज्ञान सिन्हा को 21-07 , 21-07, शुशांत उइके ने विशवर्धन राव को 21 -19 , 21 -04, से हराया। अंडर 15 बालिका एकल में शैवी गुप्ता ने भिलाई की शारा कपिल को 21 -17, 21 -19 से हराया। वेदिका एस. ज्ञानी ने अन्वेषा शर्मा को 21 -17 , 19 -21 , 21 -10 से हराया। आरुषि अल्वा ने आन्या विजयवर्गीस को 22-20 , 21-10 से हराया। अंडर 17 बालक एकल में चित्राक्ष लोकवानी ने अथर्व शर्मा को 23-21, 21-15 से , निक्षय ने अमान को 21-19, 17-21 , 28-26 उत्सव अग्रवाल ने एमोन 21-15 , 21-11 , गर्वित कंसल ने अथर्व पांडेय को 21-14, 12-21, 21-16 , अथर्व श्रीवास्तव ने आरव मित्तल को 21-16, 21-10, शुभ दासवानी ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में अर्थ तारे को 16-21, 21-17, 21-12 , मो. लईफ ने प्रणव को 19-21, 21-18, 21-11 , से हराया। बालिका अंडर-17 एकल में नेहा लांजेवार ने तेजस्विनी को 21-12 ,21-10, श्रिया कोमिया ने तनीषा को 21-10 ,21-10 से हराया, पहल देहोलिया ने अपाला दीक्षित को 21-18,21-17 से, श्रद्धा घोष ने श्रीजादास को 18-21, 21-15, 22-20 से हराया। गौरी अय्यर ने प्रियल द्विवेदी को 21-16, 21-15 से हराया। अंडर 15 मिक्स डबल्स में अनुराग बघेल और तेजस्वी सिंह की जोड़ी ने नैतिक और दिव्यांशी की जोड़ी को 21 -13, 18-21, 21-08, बालिका युगल अंडर-15 में सानवी गुप्ता एवं तिथि जिंदल की जोड़ी ने आन्या और शाम्भवी को 21-09 ,21-10 से हराया।

### अंडर-19 वन डे क्रिकेट में छत्तीसगढ़ के धनंजय ने बनाए 47 रन

**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी द्वारा इंटर स्टेट अंडर-19 वन डे क्रिकेट टुर्नामेंट 21 अगस्त 2024 से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच गुरुवार 22 अगस्त को पुदुच्चेरी में पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम ए के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 42.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 181 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 47 रन, आलोक गुप्ता ने 44 रन तथा दक्ष कुमार पारख ने 36 रन बनाए। पुदुच्चेरी अंडर 19 टीम ए की ओर से खुशवंत ने 4 विकेट तथा विशाल एवं अथवन ने 3-3 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम ए ने 34 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 182 रनो का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। पुदुच्चेरी की ओर से सांई सात्विक ने 83 रन तथा आदर्श पाटिल ने 36 रनों का पारी खेली तथा अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 3 विकेट प्राप्त किये। पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम ए ने मैच 4 विकेट से जीत लिया।



### इस मौसम में हड्डियों की मजबूती बेहद जरूरी

# मानसून में सेहतमंद रहने विटामिन-डी को करें आहार में शामिल, दूर रहेंगी संक्रामक बीमारियां

शरीर को स्वस्थ रखने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए हमें रोजाना आहार के माध्यम से भरपूर मात्रा में पोषक तत्वों की जरूरत होती है। विटामिन-डी हमारी सेहत के लिए कई मामलों में महत्वपूर्ण है। हड्डियों को मजबूत रखने, शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने और इम्युनिटी सिस्टम की मजबूती के लिए विटामिन-डी हमारे लिए बहुत आवश्यक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसून के दिनों में विटामिन-डी वाली चीजों को आहार का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए, इसके कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। बरसात के दिनों में ज्यादातर समय तक बारिश होती रहती है। आसमान में बादल छाए रहने और सूरज की रोशनी कम होने के कारण हमारे शरीर के लिए प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का उत्पादन करना मुश्किल हो जाता है।इस विटामिन की कमी के कारण आपमें कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों के जोखिम भी हो सकता है। ऐसे में आहार के माध्यम से इसकी पूर्ति पर ध्यान दिया जाना चाहिए।



### क्यों जरूरी है विटामिन-डी?

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, विटामिन-डी के अल्पकालिक और दीर्घकालिक कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। ये इम्युनिटी को मजबूत बनाकर फ्लू सहित कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए तो जरूरी है ही साथ ही कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाकर मजबूत हड्डियों के निर्माण के लिए भी महत्वपूर्ण है। आहार में पर्याप्त कैल्शियम और विटामिन-डी की मात्रा ऑस्टियोपोरोसिस जैसी हड्डियों की गंभीर समस्याओं को रोकने में मदद करती है। सूरज की रोशनी विटामिन-डी का सबसे अच्छा स्रोत है। मानसून के दिनों में आहार में कई चीजों को शामिल करके भी इसका आसानी से पूर्ति की जा सकती है?

### अंडों से प्राप्त करें विटामिन-डी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मानसून के दिनों में विटामिन-डी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अंडे खाना विशेष लाभकारी हो सकता है। अंडे के सफेद भाग में भरपूर प्रोटीन होता है, वहीं इसकी जर्दी विटामिन-डी सहित कई अन्य प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर होती है। रोजाना दो-तीन अंडे शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन, विटामिन्स और मिनरल्स का आसानी से पूर्ति करने में सहायक हैं।



### कई फलों-सब्जियां भी इसका स्रोत

दैनिक आहार में कई प्रकार के मौसमी फलों-सब्जियों को शामिल करना भी महत्वपूर्ण है। केला, कीवी, पपीता और संतरे जैसे फलों को शामिल करने से आपको विटामिन डी की जरूरतें पूरी करने में मदद मिल सकती है। संतरे में कैल्शियम के साथ-साथ विटामिन डी भी होता है।

कई सब्जियां भी इस विटामिन से भरपूर मानी जाती हैं। शाकाहारी लोग हरी पत्तेदार सब्जियों और साग जैसे केल, पालक और कोलार्ड से विटामिन डी प्राप्त कर सकते हैं। विटामिन-डी के अलावा, ये सब्जियां विटामिन के आयरन और फाइबर की भी पूर्ति करती हैं।

### नट्स और सीड्स

विटामिन-डी प्राप्त करने के लिए नट्स और सीड्स भी अच्छे स्रोत हो सकते हैं। काजू और हेजलनट्स, बादाम के सेवन से इसकी आसानी से पूर्ति की जा सकती है। काजू विटामिन-डी के सबसे अच्छे स्रोतों में से एक है। इसके अलावा चिया सीड्स, कद्दू के बीज के नियमित सेवन से भी शरीर के लिए इस पोषक तत्व की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है।

# जानिए 'ओपन किचन' से जुड़े कुछ सरल वास्तु टिप्स

घर की रसोई से जुड़े कई नियम हैं जो वास्तु शास्त्र में बताये गए हैं। इन नियमों के अनुसार अगर घर की रसोई में परिवर्तन किये जाएं या नियमों का पालन किया जाए तो इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। हालांकि वास्तु शास्त्र में मुख्य रूप से जो नियम उल्लेखित हैं वह उस हिसाब से हैं जो पुराने जमाने की रसोइयां हुआ करती थीं। पहले के समय में घर की रसोई की बनावट ऐसी होती थी जिसमें चौखट होती थी और साथ ही, रसोई में भी दरवाजा हुआ करता था। हालांकि अब के समय में ज्यादातर ओपन किचन का कांसेप्ट फॉलो किया जाता है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने कुछ ऐसे सटीक वास्तु टिप्स दिए हैं जो ओपन किचन में फॉलो करने बहुत जरूरी हैं। अगर आपकी रसोई भी खुली है और उसमें कोई चौखट या दरवाजा नहीं है तो ऐसे में कोशिश करें कि अपनी ओपन किचन में सबस पहले तो एक दरवाजा बनवाएं। अगर डोर बनवाना संभव नहीं तो जहां पर रसोई का भाग खत्म हो रहा है वहां एक ट्रायंगल क्रिस्टल जरूर टांगे।

अगर आपके घर में भी ओपन किचन है तो रसोई में रोजाना कपूर का धुआं करें और रसोई का हाग जहां खत्म हो रहा है उससे सटी दीवार पर स्वास्तिक का चिन्ह अवश्य बनाएं। इससे नकारात्मक ऊर्जा आपकी रसोई में प्रवेश नहीं कर पाएगी और सकारात्मकता भी बढ़ने लगेगी। ओपन किचन के लिए कुछ सरल वास्तु टिप्स भी अपना सकते हैं। जैसे किचन में स्लैब के ऊपर पानी भरकर रखें, ओपन किचन में धारदार वस्तुएं हमेशा उत्तर दिशा में रखें, किचन की बेक साइड में काला कपड़ा अवश्य टांग कर रखें।

# घर पर रवा डोसा बनाते हुए नहीं करनी चाहिए ऐसी गलतियां



घर पर रवा डोसा बनाना मुश्किल नहीं है, बस आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होगा। अक्सर लोग घर पर रवा डोसा बनाते समय अनजाने में कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उनका सारा टेस्ट बिगड़ जाता है। साथ ही टाइम और मेहनत दोनों बर्बाद हो जाते हैं।

### बैटर की कंसिस्टेंसी सही ना होना

जब आप घर पर रवा डोसा बना रहे हैं तो आपको बैटर की कंसिस्टेंसी का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। कई बार ऐसा होता है कि बैटर या तो बहुत गाढ़ा होता है या बहुत पतला होता है। जब ऐसा होता है तो रवा डोसा बिल्कुल भी अच्छा नहीं बनता। अगर बैटर बहुत थिक होता तो डोसा भारी होगा और उसमें वह कुरकुरापन नहीं आएगा। वहीं, अगर बैटर बहुत पतला होगा तो डोसा आसानी से फट जाएगा और एक साथ नहीं टिकेगा। इसलिए बैटर की कंसिस्टेंसी का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी है।




### रायपुर में बालिका आवासीय हॉकी अकादमी प्रारंभ, चयन सूची जारी

**रायपुर।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण रायपुर के द्वारा रायपुर में आवासीय बालिका हॉकी अकादमी प्रारंभ कर दी गई है। बालिका आवासीय हॉकी अकादमी के लिए 40 खिलाड़ियों का चयन किया जा चुका है। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने वाले समस्त खिलाड़ियों एवं उनके पालकों के लिए संचालनालय के द्वारा आवास, नाश्ता, भोजन, ग्लूकोज, निंबू पानी इत्यादि की व्यवस्था की गई। चयन ट्रायल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर के द्वारा मेडिकल टीम की तैनाती की गई थी। चयन समिति में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक पूर्व हॉकी खिलाड़ी विलियम लकड़ा, वरिष्ठ एन.आई.एस. प्रशिक्षक रश्मि संध्या एवं वरिष्ठ एन.आई.एस. प्रशिक्षक राकेश टोप्पो शामिल रहे। चयनकर्ताओं के द्वारा खिलाड़ियों के फिटनेस से संबंधित मोटर एबिलिटी टेस्ट, मेडिकल टेस्ट, स्पोट्र्स स्कील टेस्ट एवं मेंटल एबिलिटी टेस्ट लिये गए। निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले खिलाड़ियों को ही प्रदर्शन के आधार पर मैरिट क्रमानुसार 13 से 17 वर्ष आयुवर्ग के खिलाड़ियों को चयनित किया गया।

रायपुर जिले से 05 बालिका, सरगुजा जिले से 07 बालिका, दुर्ग जिले से 03 बालिका, राजनांदगांव जिले से 02 बालिका, कोरबा जिले से 04 बालिका, बेमेतरा जिले से 03 बालिका, धमतरी जिले से 05 बालिका, बालोद जिले से 03 बालिका और बस्तर जिले से 03 बालिका चयनित हुए। खेल अकादमी संचालन नियम, 2014 के तहत 20 प्रतिशत सीट अन्य राज्यों के खिलाड़ियों के लिए भी उपलब्ध रहता है, इसी आधार पर



मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले से चयन ट्रायल में आए खिलाड़ियों में से 05 बालिकाओं का चयन किया गया। 40 चयनित बालिका खिलाड़ियों में से 37 बालिकाओं ने आवासीय बालिका हॉकी अकादमी में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। खेल अकादमी में प्रवेश लेने वाले खिलाड़ियों को खेल अकादमी संचालन नियम, 2014 के अंतर्गत निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक सुविधा, परिधान, प्लेइंग किट, दुर्घटना बीमा एवं प्रतियोगिताओं में सहभागिता आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आवासीय खेल अकादमी के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए राज्य शासन के द्वारा एन.आई.एस. प्रशिक्षकों की भर्ती की गई है। समय समय पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को खेल अकादमी में आमंत्रित कर विशिष्ट प्रशिक्षण का आयोजन भी कराया जावेगा। चयनित बालिका खिलाड़ियों में शैली सोनी, काव्या सिंह ठाकुर, कृतिका शर्मा, समृद्धि यादव, श्रेया देवांगन, ममता ढीवर, रश्मि निषाद, खुशी छाकर, योगिता मेरावी, सुमन धुरव, जिज्ञासा यादव, नंदिता शर्मा, अनुष्का श्रेयस, नम्रता नायक, मीना मरकाम, कंचन मेरावी, नीलम लोहले, तनुष्का यादव, गरिमा यादव, दिव्यानी नेताम, निकिता महंत तथा योगिता सोनी शामिल हैं।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## शो रद्द हुआ तो टेलर स्विफ्ट ने कहा- ये दिल दहलाने वाला था



मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट हाल ही में, अपने वियना में होने वाले म्यूजिक कंसर्ट को लेकर उस चर्चा में आ गई, जब इस शो पर आतंकी हमले की साजिश की बात सामने आई। इसके बाद उनके तीन संगीत कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया। अब इस पूरे मामले पर टेलर स्विफ्ट की ओर से जवाब आ गया है।टेलर स्विफ्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि उनके वियना में होने वाले शो का रद्द होना दिल दहलाने वाला था। इसके रद्द होने के पीछे के कारण ने उन्हें डर और अपराधबोध की भावना से भर दिया था। उन्होंने अपनी इस भावना की वजह बताते हुए आगे लिखा कि कई लोगों ने इन शो में आने की योजना बनाई थी। टेलर ने अपनी इस पोस्ट में अधिकारियों को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने लिखा कि उनकी प्राथमिकता टूर को सुरक्षित ढंग से पूरा करने की थी और यह कहते हुए उन्हें बड़ी राहत मिल रही है कि उन्होंने ऐसा कर लिया।टेलर स्विफ्ट के वियना में प्रस्तावित शो पर इस्लामिक स्टेट सशस्त्र समूह के समर्थकों द्वारा आतंकी साजिश की धमकी मिली थी। इसके चलते शो को रद्द करना पड़ा। टेलर का ये शो उनके 'एरास' टूर के यूरोपीय चरण का हिस्सा था। इस कथित हमले की धमकी वाले मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में मुख्य संदिग्ध एक 19 साल का लड़का है। उसने कथित तौर पर इस बात को कबूल किया था कि उसका इरादा विस्फोटक और चाकुओं के जरिए हमला करने का था। बता दें कि टेलर के इस टूर के यूरोपीय चरण की शुरुआत मई में पेरिस से हुई थी और पांच शो के साथ लंदन के वेम्बली स्टेडियम में इसका समापन हुआ।

### टॉलीवुड

## 'विश्वंभरा' से चिरंजीवी का पोस्टर जारी, मेगास्टार ने दिया तोहफा



मेगास्टार चिरंजीवी अपना 69वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर कई सितारे और प्रशंसक उन्हें जमकर बधाई दे रहे हैं। वहीं, अब प्रशंसकों को भी बड़ा तोहफा मिला है। दरअसल, चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'विश्वंभरा' को लेकर भी सुर्खियों में हैं। अब फिल्म के निर्माताओं ने अभिनेता के जन्मदिन पर उनका फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है, जिसे देख फैंस उत्साहित हो गए हैं। आज खास चिरंजीवी के मौके पर 'विश्वंभरा' के निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा देते हुए अभिनेता का धमाकेदार पोस्टर जारी किया है, जिसमें चिरंजीवी का दमदार अवतार देखने को मिला है। तस्वीर में चिरंजीवी एक त्रिशूल पकड़े हुए प्रभावशाली अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में चिरंजीवी एक पहाड़ पर घुटने टेके हुए गंभीर भाव के साथ बैठे हैं। इस पोस्टर को साझा करते हुए निर्माताओं ने एक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब दुनिया पर अंधकार छा जाएगा तो संतुलन बहाल करने के लिए एक महान सितारा उदय होगा।' जन्मदिन मुबारक हो, मेगास्टार चिरंजीवी। विश्वंभरा के साथ दुनिया को अपनी आभा का गवाह बनने दें। 10 जनवरी, 2025 से सिनेमाघरों में एक मेगा मास बियॉन्ड यूनिवर्स के लिए तैयार हो जाइए।' इससे पहले अभिनेता के जन्मदिन पर ही बीती रात फिल्म के निर्माताओं ने चिरंजीवी का प्री-लुक पोस्टर जारी किया था, जिसमें अभिनेता पीछे खड़े नजर आ रहे थे।

इस दृश्य ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है, जिससे फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह बढ़ गया है। प्रशंसक अब बेसब्री से टीजर का इंतजार कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'घूंघट में घोटाला 3' को देख दहशत से सिहर उठेंगे दर्शक



भोजपुरी सिनेमा के फैंस के बीच उत्साह खत्म होने वाला नहीं है क्योंकि 'घूंघट में घोटाला 3' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आम्रपाली दुबे, प्रवेश लाल यादव, नीलम गिरी और ऋचा दीक्षित अभिनीत यह फिल्म हॉरर और कॉमेडी के एक रोमांचक मिश्रण का वादा करती है जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगी। 'घूंघट में घोटाला 3' लोकप्रिय भोजपुरी हॉरर फ्रेंचाइजी का नया वर्जन है, जो डर और मनोरंजन के अनूठे मिश्रण के लिए जाना जाता है। फिल्म की पहली झलक में लीड एक्टर्स को दिखाया गया था, जिसमें आम्रपाली दुबे, जिन्हें आखिरी बार ब्लॉकबस्टर 'निरहुआ हिंदुस्तानी 4' में देखा गया था, से एक बार फिर दर्शकों को प्रभावित करने की उम्मीद है। फिल्म में प्रवेश लाल यादव, नीलम गिरी और ऋचा दीक्षित भी शामिल हैं, जो फिल्म में कॉमेडी का तड़का लगाते नजर आएंगे। आम्रपाली दुबे ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया था, उन्होंने टैगलाइन के साथ एक मजेदार अनुभव को छेड़ते हुए लिखा, 'घूंघट में घोटाला 3 महिलाओं को डराने के लिए आ रहा है।' उम्मीद है कि फिल्म का हॉरर और कॉमेडी का मिश्रण ज्यादातर दर्शकों को अपनी ओर खींचेगा, जो भोजपुरी सिनेमा के फैंस और हंसी-मजाक का आनंद लेने वालों लोगों को पसंद आएगा।

## डिजाइनरों की डिजाइनर




बहुचर्चित फैशन डिजाइनर विविएन वेस्टवुड 80 वर्ष की होने के बावजूद बेहद सक्रिय हैं। उन्हें डिजाइनरों का डिजाइनर कहा जाता है। उनकी सक्रियता को देखते हुए रिकार्डो टिससी द्वारा बरबेरी में सहयोग के लिए आमंत्रित किया गया था। 1995 में उन्होंने लुई वुइटन के निमंत्रण पर फैशन शो में शानदार डिजाइन पेश किए थे। उनके कलेक्शन देखने अग्रिम पंक्तियों में जीन पॉल गॉल्टियर, जीन-पॉल गौडे, जॉन गैलियानो और एज़ेडीन अलाया जैसे बहुचर्चित दर्शक भी शामिल थे।

## लाल-हरी चूड़ियों के साथ बेहद खूबसूरत लगेंगे ये कंगन



त्योहारों के मौके पर महिलाएं साज-श्रंगार करना काफी पसंद करती हैं। साड़ी और सूट के साथ, महिलाएं कई तरह की एक्सेसरीज भी स्टाइल करती हैं। खासकर, तीज के त्योहार पर चूड़ियां पहनना काफी ट्रेंड में रहता है। इस मौके पर महिलाएं, लाल-हरे रंग के सलवार-सूट या साड़ियां पहनना पसंद करती हैं। इनके साथ चूड़ियां काफी खूबसूरत लगती हैं। लाल-हरी चूड़ियों के साथ कंगन के कई डिजाइंस पहन सकती हैं। इससे आपके हाथों की शोभा बढ़ जाएगी। कंगन, चूड़ियों के साथ काफी अच्छे लगते हैं और इससे हाथ भी खूबसूरत नजर आते हैं। यहां हम आपको कंगन के कुछ लेटेस्ट डिजाइंस दिखा रहे हैं, जिन्हें आप चूड़ियों के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

**पिक्चर आर्ट कंगन डिजाइन:** अगर आप फैंसी कंगन में कोई सिंपल दिखने वाले डिजाइन ढूंढ रही हैं तो इस तरह के मां लक्ष्मी या राधा-कृष्णा वाले डिजाइन की पिक्चर आर्ट कंगन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको नग वाले भी काफी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के कंगन डिजाइंस, सूट और साड़ी के साथ बेहद खूबसूरत लगेंगे। आप चूड़ियों के साथ इन्हें पेयर करके भी पहन सकती हैं या बिना चूड़ियों के भी ये हाथों में खूबसूरत लगेंगे। इस तरह के कंगन आपको मार्केट में 300-400 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।

**स्टोन वर्क कंगन डिजाइंस:** आजकल मार्केट में कलरफुल स्टोन डिजाइंस को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह की कंगन में ज्यादातर मैरून और ग्रीन कलर के साथ में पर्ल वर्क को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। पर्ल वर्क वाले इस तरह के कंगन चूड़ियों के साथ बेहद सुंदर लगते हैं। अगर आपकी शादी के बाद पहली तीज है, तो इस तरह के कंगन आपको परफेक्ट लुक दे सकते हैं। इससे मिलते-जुलते कंगन आपको मार्केट में 400-500 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।

**डायमंड कंगन डिजाइन:** अगर आप महंगे असल डायमंड कंगन पहनने में कम्फर्टेबल नहीं हैं या ये आपके बजट में नहीं आ पा रहे हैं, तो आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी में भी बारीक स्टोन वाले कंगन को हाथों में पहन सकती हैं। सिंपल और क्लासी लुक देने के लिए इस तरह की स्टोन वाले कंगन काफी कम दाम के अंदर मार्केट में मिल जाएंगे। इस तरह के कंगन किसी भी रंग की साड़ी के साथ खूब जचेंगे।

## बारिश के मौसम में पहनें ऐसी साड़ियां, लुक दिखेगा सबसे अलग




बारिश के इस मौसम में उन लड़कियों और महिलाओं के लिए बड़ी परेशानी आ खड़ी होती है, जिन्हें साड़ी पहनना पसंद है। अगर इस मौसम में हैवी फैब्रिक की साड़ी पहनी जाए तो ये भीगने के बाद सूखने में काफी टाइम लेती है। यही वजह है कि बरसात में ज्यादातर लोग सूती या फिर शिफॉन के हल्के कपड़े पहनते हैं।

अगर आप बारिश के मौसम में साड़ी पहनकर जलवा बिखेरना चाहती हैं तो कुछ खास तरह की साड़ी आजकल चलन में हैं। हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाएंगे, जिनके साड़ी लुक्स बारिश के मौसम के हिसाब से परफेक्ट हैं। इनसे टिप्स लेकर आप भी बारिश में अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंट विद बॉर्डर

अगर लाइट रंग की साड़ी पसंद है तो आप करीना कपूर के जैसी साड़ी को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। इस साड़ी पर लगे हल्के बॉर्डर की वजह से इसका लुक खूबसूरत और कमाल का लग रहा है। बारिश में बाल उलझन पैदा न करें, उसके लिए बालों में पोनीटेल बनाएं।



### ब्लैक फ्लोरल

अगर दिन के समय साड़ी पहननी है तो ऐसी ब्लैक शिफॉन साड़ी पर फ्लोरल प्रिंट कमाल का लगेगा। ये देखने में भी काफी कलरफुल लग रही है। इसके साथ रश्मिका की तरह ही अपने बालों को स्लीक स्टाइल में बनाएं। अगर बाल लंबे हैं तो आप उन्हें कर्ल करके खुला रख सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट

ऐसी कॉटन मिक्स फैब्रिक में फ्लोरल प्रिंट की साड़ी देखने में कमाल की लगती है। बारिश के बाद और पहले जब उमस का मौसम होता है तो कॉटन मिक्स फैब्रिक पसीने को आसानी से सोख लेती है।

## सनस्क्रीन इस्तेमाल करने के बाद आता है पसीना तो करें ये काम

कई बार लोग शिकायत करते हैं कि सनस्क्रीन लगाने के बाद उन्हें बहुत पसीना आता है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत है। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। इसके साथ ही यहां हम आपको सनस्क्रीन के इस्तेमाल का सही तरीका बताने जा रहे हैं।

### वाटर-बेस्ड सनस्क्रीन का उपयोग करें

अक्सर हम मौसम का ध्यान रखे बिना ही सनस्क्रीन का इस्तेमाल करने लगते हैं। इसकी वजह से त्वचा पर काफई पसीना आता है। ऐसे में हमेशा वाटर-बेस्ड या जेल-बेस्ड सनस्क्रीन चुनें। ये त्वचा में जल्दी अवशोषित हो जाती है।

### इस्तेमाल करें प्राइमर

सनस्क्रीन लगाने से पहले मैटिफाइंग प्राइमर का उपयोग करें। यह त्वचा पर एक बेस बनाता है। ऐसे में जब आप प्राइमर इस्तेमाल करने के बाद सनस्क्रीन लगाएंगे तो पसीना भी कम आता है और सनस्क्रीन लंबे समय तक टिकी रहती है।



### कम मात्रा में सनस्क्रीन लगाएं

जरूरत से ज्यादा सनस्क्रीन लगाने से पसीना ज्यादा आ सकता है। थोड़ी मात्रा में लगाएं और जरूरत पड़ने पर दोबारा अप्लाई करें। आप इसे हर तीन घंटे पर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सनस्क्रीन को सेट करें

सनस्क्रीन लगाने के बाद इसे सही से सेट करने के लिए हल्का फेस पाउडर या सेटिंग स्प्रे का उपयोग करें। इससे त्वचा पर अतिरिक्त तेल नहीं बनता और पसीना कम आता है।


## कस कर बनाती हैं चोटी तो जान लें इसके नुकसान

खूबसूरत बालों के लिए आपको रोजाना हेयर केयर रूटीन को सही तरीके से फॉलो करना चाहिए। इसके लिए आप एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं। हम सभी चाहते हैं कि हमारे बाल खूबसूरत और घने नजर आए और इसके लिए हम कई तरह के महंगे ट्रीटमेंट का सहारा भी लेते हैं। बदलते लाइफस्टाइल में बालों को सही तरीके से पोषण मिल पाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। वहीं गर्मी और चिपचिपाहट भरे मौसम में हम बालों को कसकर बांध लेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके कई तरह के नुकसान भी होते हैं?

अगर नहीं तो आइये जानते हैं बालों की कसकर छोटी बनाने से इन्हें किस तरह का नुकसान होता है। साथ ही, बताएंगे बालों की देखभाल करने के आसान टिप्स-

### क्या बाल झड़ने लगते हैं?

वैसे तो बालों के झड़ने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन बालों की कसकर छोटी बनाने से स्कैल्प से बाल खिच जाते हैं। इसी वजह से जड़ से कमजोर होकर यह टूटने लगते हैं। बालों की देखभाल सही तरह से करने से आप इनका झड़ना भी रोक पाएंगे। वहीं कोशिश करें लूज ही बालों को बांधें और टाइट बांधने से बचाव करें।



### क्या हेल्थ को भी नुकसान होता है?


बालों को कसकर बांध लेने से बाल खिच जाते हैं, जिससे आपके सिर में दर्द हो सकता है। इसके अलावा स्कैल्प से बाल खिच जाने से मानसिक तनाव यानी स्ट्रेस भी हो सकता है। अगर आप टाइट बाल बांधते हैं तो इन्हें लूज करने पर आपको जरूर रिलैक्स महसूस होता ही होगा।इसे भी पढ़ें: बालों में हेयर बटर लगाते समय भूल से भी ना करें ये गलतियां।

### कार्नर न्यूज

### मेकअप हटाने सिर्फ रिमूवर काफी नहीं, कुछ और भी काम जरूरी

# चेहरे से मेकअप हटाने का सही तरीका जानिए, आपकी त्वचा रहेगी जवां

*अक्सर जब हम कहीं बाहर से आते हैं तो मेकअप हटाने के लिए सीधा मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करते हैं। इससे मेकअप पूरी तरह से साफ हो जाता है। सिर्फ मेकअप रिमूवल इस्तेमाल करने के बाद हम सो जाते हैं जबकि ऐसा करना आपकी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। चेहरे से मेकअप हटाने के लिए आपको एक पूरी प्रक्रिया का सही से पालन करना चाहिए। बहुत सी महिलाओं को तो इस प्रक्रिया के बारे में जानकारी ही नहीं है।*



### सबसे पहले हाथ धोएं

चेहरे से मेकअप हटाना चाहती हैं तो सबसे पहले अपने हाथों को अच्छी तरह से धो लें ताकि गंदगी और बैक्टीरिया चेहरे पर न जाएं।

### मेकअप रिमूवर का उपयोग करें

हाथ धोने के बाद सबसे पहले आंखों और होंठों के मेकअप को हटाने के लिए एक जेंटल मेकअप रिमूवर का उपयोग करें। ये त्वचा संवेदनशील होती है, इसलिए इसे धीरे-धीरे और सावधानी से साफ करें। ध्यान रखें कि रिमूवर आंखों के अंदर न जाए।

### क्लीनिंग ऑयल

आंख और होंठ साफ करने के बाद चेहरे पर लगे मेकअप को हटाने के लिए एक क्लीनिंग ऑयल का उपयोग करें। इसे कॉटन पैड पर लेकर पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें।

### अब करें फेस वॉश

मेकअप रिमूव करने के बाद चेहरे को अच्छी तरह से साफ जरूर करें। ये आपकी त्वचा से बचे हुए मेकअप और क्लीनिंग ऑयल को पूरी तरह से हटा देगा।

### टोनर का उपयोग करें

मेकअप की वजह से त्वचा के पोषक तत्व कम हो जाते हैं। ऐसे में मेकअप हटाने के बाद टोनर का इस्तेमाल करें। ये त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करता है और त्वचा के पोर्स को साफ करता है।

### मॉइश्चराइजर लगाएं

मेकअप हटाने और चेहरा साफ करने के बाद अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए एक अच्छा मॉइश्चराइजर लगाएं। ये आपकी त्वचा की नमी बरकरार रखने का काम करता है।